7 से 21 नवम्बर, 2023
SINCE 1998
# टेक्सटाइल वर्ल्ड
Diwali Festival Special




NATIONAL BRANDS

OCM LUXURY SUITINGS & TWEEDS | GRADO LUXURY FABRICS & APPARELS | DONEAR APPARELS • SUITINGS • SHIRTINGS • COTTONS | MAYUR STARS KI PASAND | GRAVIERA FINEST SUITINGS & SHIRTINGS

LUXURY BRANDS

FERRARA ITALIAN LUXURY | Moda Biella ITALY | FM Ferrino Mizzoni FINE DRESSING | LANIFICIO CORLEONE Luxury Couture | EURICO LUXURIOUS COTTON SUITINGS

RETAIL FASHION BRANDS

D'Cot Quality Wear Clothing #OwnYourStyle

NXG Next Generation APPARELS

DONEAR® GROUP **INDIA'S LEADING LIFESTYLE & FASHION HOUSE**

**MR. RAJENDRA AGARWAL, MANAGING DIRECTOR AND MENTOR OF DONEAR GROUP, HAS BEEN RECOGNISED AS**

# "INDIA'S MOST INFLUENTIAL LEADER 2023"



In a notable achievement, **Mr. Rajendra Agarwal** has received the prestigious **"India's Influential Leader 2023"** award for his transformative leadership at Donear Group. With a strong background in textiles, he has taken the company from textiles to a leading lifestyle & fashion house. His innovative approach includes strategic acquisitions, expanding product offerings, and successful retail ventures.

This award not only recognizes his efforts but also celebrates the vision and dedication of the entire Donear team, reaffirming their commitment to shaping lifestyles and trends. Donear Group now stands as India's Leading Lifestyle & Fashion house, thanks to Mr. Agarwal's adaptable and excellence-driven leadership.




He also took center stage as a distinguished panelist in a significant industry event hosted by the Federation of Indian Chambers of Commerce & Industry (FICCI). The event's focal point was - Steering India's Textile & Apparel Industry towards a staggering $350 billion mark by 2030.

**NATIONAL BRANDS**

OCM Luxury Suitings & Tweeds | GRADO Luxury Fabrics & Apparels | DONEAR Apparels • Suitings • Shirtings • Cottons | MAYUR Stars Ki Pasand | GRAVIERA Finest Suitings & Shirtings


**LUXURY BRANDS**

FERRARA Italian Luxury | Moda Biella Italy The Heritage of Luxury Fabrics | FM Ferrino Mizzoni Fine Dressing | Lanificio Corleone Luxury Couture | EURICO Luxurious Cotton Suitings

**RETAIL FASHION BRANDS**

D'Cot Quality Wear Clothing #OwnYourStyle

NXG Next Generation Apparels




For Trade Enquiry Contact : Mr. Santosh Tiwari: +91 90048 83084 | santosht@donear.com


/donearsuitingshirting /donearsuiting /donearsuiting / donearindustrieslimited / donearindustries8261


FERRARA
ITALIAN LUXURY
For trade enquiries, please contact Mr. Bhupinder Singh on +91 9780022843
or email at Bhupinder.singh@ocm.in


Moda Biella
ITALY
THE HERITAGE OF LUXURY FABRICS
For trade enquiries, please contact Mr. Sanjay Mathur on +91 9342137279
or email at Sanjay.mathur@ocm.in
modabiella/
moda.biella/


VANTA
black
by
Ferrino Mizzoni®
*No animal was harmed during the shoot
For trade enquiry, please contact Mr. Pankaj Jhingan on +91 84337 45492,
or email info@lanificiocorleone.com



LANIFICIO
CORLEONE
Luxury Couture
For trade enquiry, please contact Mr. Pankaj Jhingan on +91 84337 45492,
or email info@lanificiocorleone.com





For trade enquiries, please contact Sanjeev Parashar on +91-9646022856 or email at sanjeev.prashar@ocm.in
ocmpvtltd/ OCMPrivateLimited/




For trade enquiries, please contact Gagan Sinha on +91-72177 50739 or email at gagan.sinha@gbtl.in
gradofabrics/ GradoFabrics/


MAYUR®
STARS KI PASAND
DIWALI MAIN
STARS KI EK HI
PASAND
For Trade Enquiry Contact : Mr. Ajay Jain: +91 94141 02270 | ajay.jain@mayurfabrics.in


GRAVIERA®
FINEST SUITINGS & SHIRTINGS
THIS
DIWALI
MAKE
EVERY
MOMENT
FEEL LIKE
CELEBRATION
Follow us on: /GravieraFabrics
FOR TRADE ENQUIRY CONTACT: Vineet Pareek - +91 9414046695 | Email:- vinit.pareek@donear.com





शुभ दीपावली


पाक्षिक
# टैक्सटाइल वर्ल्ड

Postal Registration No : BHILWARA/208/2021-2023 Posting on 09-11-2023 at Rail Mail Service, Bhilwara

वर्ष-26 अंक-10 भीलवाड़ा/ 07 नवम्बर, 2023 कुल पृष्ठ- 40+12= 52 मूल्य : 25 रुपए 1



















# वैश्विक टेक्सटाइल उद्योग का महाकुंभ 'भारत टेक्स 2024' फरवरी में

## वैश्विक स्तर पर टेक्सटाइल का सबसे बड़ा आयोजन

**नई दिल्ली/ राजेश शर्मा**


भारत को विश्व में टेक्सटाइल की एक महाशक्ति के रूप में पेश करने के लिए सरकार विभिन्न टेक्सटाइल संगठनों के सहयोग से आगामी 26 से 29 फरवरी तक नई दिल्ली में 'भारत टेक्स 2024' का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें 40 से अधिक देशों के प्रदर्शक और खरीददार शामिल होंगे। यह अब तक का विश्व का टेक्सटाइल का सबसे बड़ा आयोजन है और इससे भारत के टेक्सटाइल निर्यात में बढ़ोतरी के साथ ही निर्यातकों को नए बाजार तलाशनें में भी सहायता मिलेगी। विगत दिनों आयोजित एक कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कपड़ा मंत्री श्री पीयूष गोयल ने कहा कि 'भारत टेक्स 2024' प्रदर्शनी विश्व में भारत को कपड़ा क्षेत्र की एक महाशक्ति के रुप में पेश करेगी। श्री गोयल का कथन है कि 'भारत टेक्स 2024'




केवल एक आयोजन ही नहीं है बल्कि वैश्विक महाशक्ति बनने के लिए सरकार की प्रतिबद्धता का एक प्रमाण है। उन्होंने कहा कि यह आयोजन विश्व में कपड़ा उद्योग का सबसे बड़ा आयोजन होगा जिसमें 40 से अधिक देशों के 1,000 से अधिक प्रदर्शक शामिल होंगे और 30,000 से अधिक आगंतुकों के आने की संभावना है। श्री गोयल के अनुसार यह एक्सपो नवाचार, सहयोग और मेक इन इंडिया की मूल भावना के साथ भारत के 5 एफ विजन - फार्म टू फाइबर टू फैक्ट्री टू फैशन टू फारेन तक का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि भारत न केवल अपने के लिए बल्कि पूरी दुनिया के लिए उत्पाद बनाता है, ऐसे में भारत अब वैश्विक प्रतिस्पर्धा से नहीं डरता। उन्होंने उद्योग जगत से अपने ऐसे ब्रांड बनाने का आह्वान किया जिनकी विश्व स्तर पर मान्यता हों और साथ ही भारत को एक ब्रांड बनाएं। श्री गोयल ने आशा व्यक्त की कि वृहद कार्यक्रम 'भारत टेक्स 2024' एक्सपो वस्त्र उद्योग के विकास को बढ़ावा देगा और वैश्विक वस्त्र उद्योग में एक परिपक्व, प्रतिस्पर्धी वैश्विक सोर्सिंग गंतव्य के रूप में भारत की क्षमता को प्रदर्शित करेगा। उन्होंने आयोजकों से कहा कि वे मेले को आगंतुकों के लिए दिलचस्प और आकर्षक बनाएँ।

शेषांश पृष्ठ 12 पर....























# बाजार में मंदी के बाद भी ग्रे-पोपलीन पीस व पेटीकोट की डिमाण्ड जबरदस्त

**बालोतरा / लालचन्द पुनीत**

पेमेंट की कम आवक से देश कि व्यावसायिक एवं औद्योगिक प्रक्रियाओं पर स्पष्ट रूप से असर परिलक्षित हो रहा है। बाजार तेजी की ओर अग्रसर होने की जुगाड़ में तो है परंतु मंदी की बाहों ने ऐसा जकड़ लिया है कि स्थिति बड़ी नाजुक बन गई है। मंदी का स्वर गूंज रहा है, इस कारण फिलहाल स्थिति स्थिर है। इतना होने के उपरांत भी बाजार दबने की गुंजाइश कम नहीं है। कतिपय अनुभवी उद्यमियों का कहना है कि तेजी का तारा अगर दृष्टिगोचर होगा तो मुहूर्त के सौदों के साथ। मुहूर्त के पूर्व ग्रे-क्लॉथ में इजाफा के आसार संभव नहीं है। माना पोपलीन की अच्छी मांग और रेडी माल की चाहत के कारण उत्पादक अपने भावों में ही माल बेच रहे हैं। पूर्ण रंगाबाजी का अभाव दीपावली तक ही नहीं, उसके बाद भी बने रहने की सम्भावना है। उद्यमियों को यह आशा अवश्य है कि चन्द दिनों में नाण्डा भीड़ कम होगी और दीपावली पर मजदूरों आदि के हिसाब करने में विशेष दिक्क तों का सामना नहीं करना पडेगा।

पेटीकोट (अन्डर स्कर्ट) की डिमान्ड जबरदस्त बताई जा रही हैं। यहाँ माल तैयार करने हेतु मशीनों की कमी नहीं है तथापि कुशल एवं पर्याप्त मजदूरों के आभाव में पूरी मशीनों का उपयोग लेना अब कब सम्भव बनेगा, कुछ कहा नहीं जा सकता। इतना अवश्य है कि जिन निर्माताओं ने प्रारम्भिक स्तर पर एक ही डिजाइन को प्राथमिकता दी थी, अब विभिन्न एक से एक आकर्षक डिजाइनों में माल बनने लगा है और देश के हर कोने में उपभोक्त । चाव से लेते हैं। यही कारण है कि पोपलीन के प्रायः सभी छोटे-बड़े निर्माता पेटीकोट अवश्य बनाने लगे हैं। सबसे बड़ी बात यह है कि यह माल एक से एक सुन्दर पैकिंग मे दिया जा रहा है। पोपलीन की सप्लाई में भी पीस पैकिंग की मांग दिनों-दिन बढ़ रही है। कई व्यापारी तो पोपलीन का पूरा माल ही थानों के बजाय पीस में ही



मंगाने लग गये हैं। रेयान के साथ रोटो की गारमेन्ट निर्माताओं की मांग अच्छी बताई जा रही है। बताया जा रहा है कि ग्रे पोपलीन उत्पादक वीवरों का पड़ता न लगने से मोह भंग हो गया है और वे दूसरी क्वालिटी की और मुड़ने को आतुर है। स्थिति यही बरकरार रही तो ग्रे-पोपलीन की स्थिति बदल सकती है। रावण दहन पर विशाल मेले के आयोजन से उत्साह का वातावरण बना। बुराई का अन्त जब तक नहीं होगा, ये दहन उत्सव चलता रहेगा। नगर में उद्यमियों व नागरिकों ने स्थान-स्थान पर डांडिया, गैर नृत्य आयोजित कर सांस्कृतिक स्वस्थ वातावरण का परिदृश्य प्रस्तुत किया। राजनीतिक दलों की भागीदारी भी इस सन्दर्भ में कम उत्साह जनक नहीं रही है। हर स्थल पर चुनावी चर्चाओं का जोर देखा जा रहा है। नगर में नारी स्वावलम्बन व नारी सशक्ति करण की प्रतीक श्रीमती अणची देवी के निधन पर भारी संख्या में उद्यमियों व नागरिकों ने उन्हें श्रद्धांजलि दी और उनकी सद्गति के लिये भावांजलि भी दी। अणची देवी वर्षो पूर्व जिस कार्य के लिये आगे आई वह वस्तुतः नगर के प्रेरक अध्याय का महत्त्वपूर्ण हिस्सा है क्योंकि 50 वर्ष पूर्व इसकी सम्भावना नहीं थी।

## सांकरिया के निधन से साहित्य जगत को क्षति

राजस्थानी भाषा के समृद्ध सरोवर में अपना सतत् विशिष्ट योगदान से अर्घ्य चढ़ाने वाले, बालोतरा में जन्मे डॉ. भूपतिराम सांकरिया (99) के अवसान से साहित्य जगत को भारी क्षति हुई है। इन्होंने अनेक पुस्तकों का सृजन कर प्रेरक उदाहरण प्रस्तुत किए। इनके पिता आचार्य श्री बद्री प्रसाद साकरिया ने अपने जीवन काल में अपने स्तर पर राजस्थानी शब्दकोष के कई खण्ड प्रकाशित कराये थे। इनकी जयन्ती बालोतरा में राजस्थानी साहित्य कला परिषद् के तत्वाधान में (2007) सम्मान पूर्वक मनाई गई थी। जिसमें प्रतिभाशाली कवियों व साहित्यकारों में सर्व श्री नन्द भारद्वाज, श्रीमती तारा लक्ष्मण गहलोत, डॉ. शक्ति दान कविया, डॉ. भूपतिराम साकरिया, डूंगरदान बलाऊ, डॉ. प्रदीप मोदी, ठा. नाहर सिंह, डॉ. विमला आर्य, विनोद साकरिया , प्रदीप खीमराज, डॉ. विक्रम सिंह राठौड़, पृथ्वीराज रतनू आदी ने सहभागिता निभाकर स्मरणीय बनाया था। राजस्थानी साहित्य कला परिषद् ने डॉ. भूपतिराम साकरिया को श्रंद्धाजली अर्पित करते हुए उनके पारदर्शी व्यक्ति त्व में निहित आदर्शों को रेखांकित कर लेखन कार्य को निरन्तर जारी रखने के सन्देश को उजागर किया। स्मरण रहे डॉ. भूपतिराम परिषद् के समादृत संरक्षक थे।

## उद्योगों पर चुनावी असर

चुनावी हलचल की रेलम-पेल हर गली, बाजार, औद्योगिक प्रतिष्ठानों व नुक्कडों पर स्पष्ट नजर आती है। कांग्रेस के उम्मीदवार की घोषणा हो चुकी है और श्री मदन प्रजापत को पुनः विधायक बनने हेतु टिकट मिल गया हैं। भाजपा उम्मीदवार के नाम की घोषणा अभी-भी अधरझूल में है। जिन नामों ने उम्मीदवारी हेतु आवेदन किया है उनमें सर्वश्री अमराराम चौधरी, प्रभा सिंधवी, गिरी सुमित्रा, महेश जी चौहान के साथ ख्याति प्राप्त गायक कलाकार प्रकाश माली व गणपत बांठिया के नामों पर विशेष चर्चाए दृष्टिगोचर हो रही है। इस चुनावी माहौल का उत्पादन पर भी भारी असर पड़ रहा है और चालानी भी अंकुशित लग रही है।

# बाजार में ग्राहकी की भरपूर रौनक

**मुजफ्फरनगर/ अजय कुमार सिंघल**

मुजफ्फरनगर, सहारनपुर, मेरठ आदि पश्चिमी उत्तरप्रदेश की प्रमुख कपड़ा मार्केट्स में त्योहारी सीजन की गहमा-गहमी से बाजारों में ग्राहकी की भरपूर रौनक नजर आ रही है। सूटिंग-शर्टिंग, लेडीज सूट्स, ड्रेस, साड़ी, गरम हैंडलूम, रेडीमेड गारमेण्ट के सभी सैगमेंट में अच्छी खासी बिक्री बनी हुई है। पेमेंट की आमदनी में भी सुधार दिखाई दे रहा है। रिटेल व थोक दोनों क्षेत्रों में ग्राहकी बनी हुई है। मुजफ्फरनगर के प्रतिष्ठित व्यापारी सर्व श्री विनोद डाबर, सतीश डाबड़ा, हितेश डाबर, संजीव गोयल, गुलाटी जी, अशोक छाबड़ा, अमित सिंघल, राजीव सिंघल, मनोहर लाल, घनश्याम पालीवाल, पवन बत्रा, सुदर्शन खरबंदा, के पी त्यागी, अमृत राठी, लक्ष्मण रस्तौगी, रमेश अरोड़ा के अनुसार कामकाज काफी समय बाद अच्छा चला हैं आगे भी लम्बे समय तक चलना चाहिए।

# बाजार में उत्साह का माहौल

**उदयपुर / नवीन कोठारी**

दीपावली के अब कुछ ही दिन शेष बचे हैं। वस्त्र बाजार के लिये साल भर में त्योहारी और वैवाहिक सीजन आते हैं, परन्तु दीपावली सीजन का इन्तजार व्यापारी बेसब्री से करते हैं यह सीजन सबसे बड़ा होता है। स्थानीय वस्त्र विक्रेताओं ने इस बार पूरी तैयारी के साथ माल के ऑर्डर दिए है और कई विक्रेता अभी माल मंगवा भी रहे हैं। जानकारों द्वारा अनुमान भी लगाया जा रहा कि इस बार दीपावली सीजन वस्त्र विक्रेताओं के लिये काफी अच्छा रहने वाला है और विक्रेताओं को भी लग रहा है कि यह अनुमान सही रहने वाला है। शहर में कुछ नये वस्त्र प्रतिष्ठानों का शुभारम्भ नवरात्रि में हुआ और कुछ प्रतिष्ठानों का शुभारम्भ आने वाले दिनों में होने की तैयारी चल रही है। साड़ी विक्रेता, रेडिमेड वस्त्र विक्रेता, होजरी, सलवार सूट, शर्टिंग-सूटिंग, मैचिंग, होम फर्निशिंग, ग्रे वस्त्र विक्रेता आदी ने सीजन के मद्देनजर पर्याप्त तैयारी कर ली है। बाजार में वस्त्र प्रतिष्ठानों पर नई नई वैरायटियों के डिस्प्ले भी देखे जा रहे हैं।




















## सूत गिरणी को सहूलियत, बाकी घटकों का क्या
## वस्त्रोद्योग के सभी घटकों को सुविधा की जरूरत

**कोल्हापुर/ राहुल खाड़े...** राज्य के सहकारी सूत गिरणी को अगले पाँच सालों के लिए कर्ज पर ब्याज भरने की सुविधा आगे शुरू रखने का फैसला शासन ने लिया है। संकट में होने वाले सूत गिरणी के लिए फैसला अच्छा होगा लेकिन वस्त्रोद्योग के बाकी घटकों के बारे में जल्द से सोचना जरुरी है। पिछले कुछ सालों से संकट का सामना कर रहे वस्त्रोद्योग घटकों को सहूलियत, अनुदान देने की मांग हो रही है। लोक प्रतिनिधियों की ओर से कुछ घोषणा भी हुई लेकिन उस पर अमल नहीं हुआ है। वस्त्रोद्योग का महत्त्वपूर्ण होने वाला घटक पावरलूम धारकों की माँगे कई सालों से प्रलंबित है। इस बीच मुंबई में 27 जून को वस्त्रोद्योग मंत्री श्री चंद्रकांत पाटील के साथ प्रतिनिधियों की बैठक हुई। उसमें कुछ माँगो को तत्वतः अनुमति दी। इन मांगों को केबिनेट के सामने रखकर उसको अनुमति देने का आश्वासन भी मंत्री पाटील जी ने दिया था। लेकिन चार माह बीतने पर भी इस पर कोई फैसला नहीं लिया गया है। वस्त्रोद्योग में सहकारी, निजी सूत गिरणी, सायझिंग, प्रोसेस, पावरलूम ऐसे अलग अलग घटक शामिल है। इन सभी घटकों को समस्या का सामना करना पड़ रहा है। ऐसे में उनके बारे में शासन की ओर से सोचना चाहिए। जबकि सहकारी सूत गिरणी को सहूलियत देना शासन का रूझान है। सूत गिरणी ज्यादातर लोक प्रतिनिधियों की होने के चलते उनको सहूलियत मिल रही ऐसा वस्त्रोद्योग से जुड़े बाकी घटकों का कहना है।

**प्रलंबित माँगेः** सीधे पावरलूम धारकों को ब्याज अनुदान में पाँच फीसदी सहूलियत देने के फैसले को पाँच साल हुए। आधुनिक पावरलूम धारकों के लिए पांच फीसदी ब्याज अनुदान देने की घोषणा शासन ने की थी। ऑनलाईन नामांकन दाखिल नहीं किए पावरलूम धारकों की दिसंबर 2021 और जनवरी 2022 में पोकल बिजली थकबाकी माफ की गई। लेकिन उस पर ब्याज और जुर्माना अब भी बिल में आ रहा है। जिसके चलते शासन ने पहले जाहीर की सहुलियत और अनुदान मिलना चाहिए। सिर्फ सूत गिरणी यानी पूरा वस्त्रोद्योग नहीं है यह लोक प्रतिनिधि और सरकार जान ले। कई सालों से पावरलूम धारक समस्या का सामना कर रहे है। उनकी समस्या का हल सरकार की ओर से होगा जो सिर्फ उनको आश्वासन ही देनेवाला है।
श्री विनय महाजन, अध्यक्ष, पावरलूमधारक जागृती संगठन।




















For Agent/Dealer/Franchise store enquiries, reach us at: Call: +91 9340605633 | Whatsapp: +91 9992514747
Write to: helloburgoyne@wfbindia.com | AVAILABLE AT ALL LEADING RETAIL OUTLETS

Follow us on /@Burgoyneindia | www.burgoyne.co
**Burgoyne** & **BAIRD Cotton** are registered trademarks of **WFB BAIRD & COMPANY (INDIA) PVT. LTD.**

HOUSE OF BURGOYNE IRELAND
ESTD. 1912

# दीपावली के ऐन मौके पर नये फैशन और कलर्स की भरमार

**मुंबई/ रमाशंकर पाण्डेय**

देश के प्रमुख त्योहारों में से एक दीपावली का विशेष महत्त्व है। त्योहार निकट है और बाजार पूरी तरह से सज चुके है। विविध बाजारों में मांग बढ़नी शुरू हो गई है। दीपावली पर अच्छी कमाई होने की अवधारणा से बाजार में भरपूर नया स्टॉक आ गया है। इस वर्ष रेडीमेड में नये फैशन और कलर्स की भरमार है। कपड़ा और रेडीमेड के व्यवसाय से जुड़े कारोबारियों ने इस अवसर पर ग्राहकों को नई वैरायटी देने के लिए पर्याप्त स्टॉक कर लिया है। अब इंतजार एक अच्छी ग्राहकी का है, जो अभी तक नहीं दिखी। कारोबारियों को उम्मीद है कि बहुत जल्द बाजार में दीपावली की ग्राहकी जोर पकड़ेगी और मंदी छंटेगी।

दीपावली से पूर्व महंगाई की चिंता छोड़ ग्राहक खरीदी करने को सुसज्जित हो गए है। स्थानीय बाजारों, मॉल्स और ऑफलाइन स्टोरों में जाकर खरीदी करने का ट्रेंड बढ़ता दिखाई दे रहा है। इस वर्ष ऑनलाइन खरीदी का भी जबरदस्त क्रेज है, क्योंकि इस प्लेटफॉर्म पर दीपावली के मौके पर आकर्षक ऑफर पेश किया गया है। डिजिटल भुगतान की सुविधा व्यापक होने से सीजन में कपड़ों के साथ अन्य सामान की खरीद बढ़ने का अनुमान है। छोटे शहरों से लेकर मध्यम शहरों में इस बार ग्राहकी अच्छी चलने का अनुमान है। गारमेंट में अभी तक कारोबार अपेक्षा से कम रहा है, तथापि जैसे-जैसे सीजन की ग्राहकी बढ़ेगी, कारोबार भी बढ़ेगा।

वैश्विक मांग मंद होने से देश में गारमेंट उत्पादन कम करना पडा है। अप्रैल से अगस्त 2023 के दौरान टेक्सटाइल के उत्पादन में भी गिरावट का ट्रेड दिखाई दिया है, लेकिन यह गिरावट अधिक नहीं थी। एपेरल गारमेंट इंडेक्स अगस्त में 17.10 प्रतिशत और अप्रैल-अगस्त 2023 के दौरान 22.60 प्रतिशत घटा है। सितम्बर 2023 में टेक्सटाइल का निर्यात 11 प्रतिशत बढ़ा है, तो वहीं एपेरल का निर्यात 11.20 प्रतिशत तक घटा है। तिरूपुर एक्सपोर्ट एसोसिएशन के अनुसार वर्क्स शिफ्ट और ओवरटाइम प्रॉडक्शन में कटौती की गई है। उत्पादन में नुकसान हुआ है, लेकिन जॉब लोस नहीं है। ड्यूटी ड्रा बैक की दर से निर्यातक इकाइयों की संभावना बढ़ी है।

स्थानीय मांग मंद होने के कारण देश में गारमेंट उत्पादन अप्रैल से अगस्त 2023 के दौरान 22.60 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई है। लेकिन इस दौरान कपड़ा उत्पादन दो प्रतिशत तक घटा है। इतना ही नहीं कपड़ा तथा गारमेंट का निर्यात पिछले वर्ष की तुलना में 15 प्रतिशत तक घटा है। भारत से निर्यात और घटने की संभावना व्यक्त की जा रही है। क्योंकि यूरोप और अमेरिका के बडे रिटेल ब्रांड में नकारात्मक धारणा बनने से मांग घटने का अनुमान है। यहीं कारण है कि गारमेंट निर्यात बढ़ने के बदले घट रहा है। वैश्विक अर्थव्यवस्था पंगु है। इजराइल में युद्ध जारी रहा तो देश से निर्यात एक से दो प्रतिशत तक और घट सकता है।










# टेक्सटाइल इण्डस्ट्री को कोल एवं लिग्नाइट आपूर्ति में विख्यात कम्पनी अमरप्रेम एण्ड संस प्रा. लि.

Diwali

## पिछले वित्तीय वर्ष में 1.25 लाख मीट्रिक टन लिग्नाइट की आपूर्ति की गई


श्री संजय सरीन


श्री मोहित सरीन

**भीलवाड़ा/** सन 1994 में श्री संजय सरीन ने स्थानीय मंडी में कार्य का शुभारम्भ किया और एस.एस. एजेंसी की स्थापना की, जिसमें फैब्रिक सप्लाई का सफलतम 10 वर्षों तक कार्य किया एवं इस क्षेत्र में अपनी व्यापक पहचान बनाई। श्री सरीन एक सरल स्वभाव के व्यक्तित्व के साथ साथ अपने विस्तृत नेटवर्क एवं अनुभव को भुनाते हुए 2001 में व्यापार विस्तार कर केमिकल सप्लाई का कार्य भी आरंभ किया। श्री सरीन आशावादी सोच के साथ सदैव कुछ न कुछ नया करने की चाह के साथ 2006 में रेपर क्लॉथ सप्लाई की शुरुआत की। गौरतलब है कि यह क्लॉथ प्रॉसेस गृहों के उपयोग में आता है। श्री संजय सरीन के युवा पुत्र श्री मोहित सरीन एमटेक टेक्सटाइल (केमिस्ट्री) में पुर्ण करने के बाद उन्होंने सन 2017 में सहयोगी फर्म अमरप्रेम एंड संस की स्थापना कर इसके अंतर्गत प्रोसेस इंडस्ट्री में कोल सप्लाई का कार्य शुरू किया। अपने कार्य क्षेत्र की जानकारी देते हुए श्री मोहित ने बताया कि कंपनी औद्योगिक रसायन नॉन ऑनिक डिटर्जेंट, सोर्फेक्ट्स के रूप में नवीनतम तकनीक के साथ मिलकर बेहतर गुणवत्ता युक्त घटकों का उपयोग करने के लिए जाने जाते हैं एवं हमारे पास एक उन्नत एवं संरचनात्मक आधार उपलब्ध है, जो सभी आवश्यक सुविधाओं से लैस है। हमारा ध्येय कंजूमर की विविध आवश्यकताओं को समझने और कई प्रकार के उत्पादों की सप्लाई करने का हैं। इसके साथ हमारी कंपनी अपने ग्राहकों के लिए उच्च गुणवत्ता वाले उत्पाद और उनकी अत्याधिक संतुष्टि को सुनिश्चित करते हुए बेहतर विकल्प का केंद्र बन चुकी है। वर्तमान में लगभग 150 केमिकल उत्पाद विभिन्न क्वालिटियों में आपूर्ति किए जा रहे हैं। मजबूत सेल्स नेटवर्क के साथ भीलवाड़ा, बांसवाड़ा, पाली, बालोतरा व तारापुर इत्यादि मंडियों में उत्पाद सप्लाई किए जा रहे हैं।

### प्रमुख सहयोगी कम्पनियाँ

व्यापार में निरन्तर इनोवेशन करते हुए श्री सरीन द्वारा अपनी सहयोगी कम्पनियों के माध्यम से कार्यक्षेत्र में विस्तार किया इसी क्रम में प्रमुख कम्पनी अमरप्रेम एण्ड संस के अलावा APS लोजेस्ट्रिक के अन्तर्गत स्वय की लोजेस्ट्रीक कम्पनी की शुरूवात की जिसमें इस क्षेत्र में बेहतर सेवाएँ प्रदान कर रही हैं। S.S Industries इस कम्पनी में केमिकल सप्लाई की जा रही है।





रेपर क्लॉथ आपूर्ति में ऋषिकेश इंडस्ट्री (मुम्बई) के निर्मित उत्पाद भी शामिल हैं। कोयला राजस्थान के अलावा मध्यप्रदेश एवं अन्य इंडस्ट्री में भी सप्लाई कर रहे हैं। इसके अतिरिक्त वैश्विक महामारी कोरोना वायरस से बचाव के लिए कई इंडस्ट्री एंटी बैक्टीरियल फैब्रिक का निर्माण भी कर रही हैं, जिसमें उपयोग होने वाले केमिकल का कार्य विशेष रूप से किया जा रहा है।


## AMAR PREM & SONS PVT LTD

**HEAD OFFICE:** 334, Govindam Commercial Hub, Old RTO Road, Gandhi Nagar, Bhilwara (Raj.) - 311001
Cell: 97993 97770 | 96360 41966 | 91166 44508

**S.S. INDUSTRIES:** Shop No. 4 Om Tower, Near Ashok Leyland Circle Old RTO Road, Gandhi Nagar, Bhilwara (Raj.)
Cell : 93526 32011

**BARMER OFFICE:** Shop No. 5, Nh 68 Jaisalmer Road In Front Of Rajput Hostel, Barmer (Raj.) - 344001
Cell: 99295 67085

**GANDHIDHAM OFFICE:** Office No. 28, Kutch Arcade Platinum Mithi Rohar, N.H. 8/A, Gandhidham-Kutch - 370201, Cell: 93526 08165

**MORBI OFFICE:** Office No.4, Dharm Megh Complex- 2 Pipliya Char Rasta Navlakhi Road (Gujrat) 91613 88060

**BIKANER OFFICE:** Nh 62, Near Veer Teja Hotel Palana Bikaner - 334402, Cell 99506 93099 Or 93580 39919

Email: info@amarpremandsons.com | Web: www.amarpremandsons.com






SAGAR RAYON FABRICS

C-23, Bapu Nagar, Opp. Awari Mata Temple, Pur Road, Bhilwara - 311001 (Raj.)
Mob.: 93525 87672 | 91662 47672 | Email: sagarrayon@gmail.com



The Power Of Presence




• Premium Giza Superfine Cotton Fabric •

MONZA®
STYLIZED COTTON

A - 1604, Naman Midtown, Senapati Bapat Marg,Prabhadevi - (W), Mumbai - 400013.
Tel : 022-2431 7200 • E-mail : info@jrco.in


MiSTAiR®
A Siyaram's Initiative
THE FASHION OF
A
NEW ERA
SCAN THE QR CODE TO
VIEW THE VIDEO
Available at all the leading retail outlets and Siyaram's Shops across the country. For trade/corporate enquiries, contact: 022-68330500.


Reliance
Growth is Life
It takes precision
to make the cut
GEORGIA
GULLINI
The essence of Italian style.
A RELIANCE PRODUCT
For Trade Enquiries: Reliance Industries Ltd. - Textile Division, GIDC Naroda, Ahmedabad - 382 330 | T: 079-6606 8888/8889
E: georgia.gullini@ril.com | Visit us at www.georgiagullini.com

# शिव एजेन्सी



भीलवाड़ा/ स्थानीय मण्डी के प्रतिष्ठित यार्न सप्लायरों में शामिल शिव एजेन्सी नामचीन मिलों का धागा सप्लाई करने के शीर्ष पर है।

इस क्षेत्र में सन् 1978 से कदम रखते हुए श्री मोहन लाल अग्रवाल ने अपने अनुभव एवं कार्यकौशल से बेहतर मुकाम हासिल किया। पिछले कई वर्षों से कार्य देख रहे श्री अरूण अग्रवाल एवं श्री सुनील अग्रवाल ने अपने कार्यकौशल एवं अनुभव से इस क्षेत्र में बेहतर मुकाम हासिल किया है। श्री अरूण अग्रवाल ने बताया कि व्यापार विस्तार के सहयोगी फर्म से भी यार्न सप्लाई कर रहे हैं।

**यार्न प्रॉडक्ट-** यार्न आपूर्ति में ऑल टाइप ऑफ सिंथेटिक यार्न, कॉटन, टेक्स्चाइज, ग्रे एवं फैंसी यार्न शामिल है।

**शिव एजेंसी**

शिव एजेंसी के अंतर्गत श्री अरुण अग्रवाल बिरला ग्रुप की चिनाब टेक्सटाइल मिल (CTM) का कार्य देख रहे हैं।

**सिग्नेचर एंजिम**

इसके अन्तर्गत सहयोगी फर्म का प्रबंध कार्य श्री सुनील अग्रवाल एवं श्री निखिल अग्रवाल अपने अनुभव से कर रहे हैं। इस फर्म के अंतर्गत प्रमुख मिलों में बांसवाड़ा सिंटेक्स, सागर ट्विस्टर, महावीर सिंटेक्स एवं वालसन पॉलिएस्टर निर्मित यार्न सप्लाई कर रहे हैं।

# मंगलम यार्न



भीलवाड़ा/ टेक्सटाइल मण्डी में शीर्ष यार्न सप्लायरों में शामिल मंगलम् यार्न एजेन्सी वृहद स्तर पर धागा सप्लाई करने के लिए जानी जाती है। कारोबार की शुरूआत श्री जुगल किशोर बागड़ोदिया एवं श्री दिनेश कुमार बागड़ोदिया द्वारा की गई थी। अब फर्म के कारोबार में अनुभवी श्री संदीप बागड़ोदिया अपने कुशल नेतृत्व से बेहतर रूप में कार्य कर रहे हैं।

प्रमुख काउण्ट्स- टेक्सटाइल डोनियर, स्पन कॉटन एवं फैंसी यार्न के सभी काउण्ट शामिल हैं। श्री सन्दीप बागड़ोदिया ने बताया कि मण्डी में स्पनडाइड की डिमाण्ड बढ़ी है। आने वाले समय में कॉटन एवं टेक्सचाइज में बाजार और ग्रो करेगा।

**ग्रे फैब्रिक आपूर्ति-** यार्न आपूर्ति में वर्चस्व स्थापित करते हुए ग्रे फैब्रिक उत्पादन एवं सप्लाई में भी पिछले चार वर्षों में बेहतर डवलपमेण्ट किया है। इसमें श्री अंकित गोयनका अपने विशद् अनुभव के साथ कम्पनी प्रबन्धन में बेहतर सेवाएँ दे रहे हैं।

**संभावनाएँ-** श्री बागड़ोदिया ने बताया कि स्थानीय वस्त्र मण्डी में शनैः-शनैः कॉटन सेक्टर में उत्पादन बढ़ रहा है, बाजार की स्थितियों में भी परिवर्तन दिख रहा है, जिसमें बड़े घरों में कार्य केन्द्रित होता जा रहा है। मण्डी में उद्यमियों को रेडीमेड सेगमेण्ट की और अधिक डवलपमेण्ट करना चाहिए. ताकि भविष्य में उद्यमियों को नया विकल्प मिल सके। मण्डी में हो रहे बदलाव के बारे में इन्होंने बताया कि पिछले वर्षों की तुलना में इस वर्ष फिलामेण्ट का कार्य कम हुआ है। कॉटन में प्रतिशत बढ़ा है। स्पन-कॉटन में कार्य अच्छा हुआ है एवं यूनिफॉर्म के लिए ग्रे यार्न एवं ब्लेक में अच्छा कार्य हो रहा है।

**प्रमुख मिलें-** रिलायंस स्पिनिंग मिल्स नेपाल, राजस्थान सिन्टेक्स, इन्डोरामा, वेलनाउन, पोलिस्टर लि., एस आर वी सिन्टेक्स, बीके लोन, भीलोशा, जेबीएफ, यूनिफॉई एवं रेडरोज निर्मित यार्न शामिल हैं। फर्म को कॉटन यार्न आपूर्ति में भी महारत हासिल है, जिसमें नाहर स्पिनर्स लुधियाना निर्मित स्पन व कॉटन धागे की सप्लाई की जा रही है।

**आयात-** फर्म घरेलू स्पिनिंग मिलों के अलावा वियतनाम एवं इण्डोनेशिया से यार्न इम्पोर्ट करके सप्लाई कर रही है।


MANGLAM YARN AGENCIES

THE AGENT WHO DEALS IN TEXTURISE, POLYESTER, POLYESTER VISCOSE(P/V), COTTON AND ALL TYPES OF FANCY YARNS AS WELL AS FABRICS THAT MEANS A TOTAL SOLUTION IN TEXTILES

Key Features
- Sure for Commitment
- Managed by Professionals
- Linked with Top Class Yarn Suppliers
- Following Modern & Latest Business Trends
- Biggest Yarn & Grey Fabric Supplier in India

Visit us at:
MANGLAM YARN AGENCIES
7, Om Textile Tower, Pur Road, Bhilwara, Rajasthan, India - 311001
Ph. No. 01482-242435, 244075 (O) E-Mail: myayarns@gmail.com

Sister Concerns
HAARDIK TEXTILE PVT. LTD.
7, Om Textile Tower, Pur Road, Bhilwara, Rajasthan, India - 311001

A-Sulzer Unit:
SUMANGLAM SUITINGS PVT. LTD.
G 134-137, IV Phase RIICO, Bhilwara, Rajasthan, India - 311001
Mob.: 98290-37333, E-Mail: sumanglamsuitings@gmail.com

Save Earth, Save Water, Save Environment


# गजानन्द गोपीकिशन



भीलवाड़ा/ मंडी में दीर्घकालीन समय से यार्न आपूर्ति में जानी-मानी फर्म गजानंद गोपी किशन ने इस क्षेत्र में बेहतर पहचान स्थापित की है। फर्म के ओनर श्री अनिल परवाल सन 1986 से कार्य करते हुए कई प्रतिष्ठित मिलों का धागा सप्लाई कर रहे हैं। श्री परवाल ने अपने कार्य क्षेत्र की जानकारी देते हुए बताया कि एजेंसी कार्य में सूर्यलता स्पिनिंग मिल्स लि., सूर्य लक्ष्मी स्पिनिंग मिल्स लि., सूर्योदय स्पिनिंग मिल्स प्रा. लि. एवं प्रथम स्पिनर्स प्रा. लि. द्वारा निर्मित धागे की आपूर्ति की जा रही है।

**यार्न उत्पादन-** श्री परवाल ने अपने अनुभव से TFO प्लांट भी स्थापित किया, जो पिछले 9 वर्षों से सफलतापूर्वक कार्य कर रहा है। श्री परवाल के युवा पुत्र श्री निखिल परवाल इस प्लांट का संचालन कर रहे हैं। यार्न उत्पादन क्षेत्र में लगभग 200 टन प्रति माह क्षमता के साथ 4000 के लगभग स्पिंडल में मल्टीफोल्ड यार्न विशेषकर सिलाई एवं पैकिंग के क्षेत्र में सप्लाई हो रहा है। प्लांट में पीवी पोलिस्टर यार्न में विभिन्न तरह के काउंट जिनमें 2/30, 2/ 40, 2/15, फैंसी यार्न एवं एम्ब्रॉयडरी यार्न का निर्माण शामिल हैं, माल की आपूर्ति प्रमुख भीलवाड़ा, अहमदाबाद एवं इंदौर मंडी में की जा रही है। यार्न एजेंसी में मिलों द्वारा निर्मित स्पन यार्न तथा पीवी, पॉलिस्टर एवं मल्टीफोल्ड के लिए सिरोल यार्न की सप्लाई शामिल है।


GAJANAND GOPIKISHAN
Yarn Merchant & Commission Agent




Opp. Krishna Zining Factory, Pur Road, BHILWARA-311001
Ph. : 01482-242170, +91 98290-47244
E-mail : anil.parwal5@gmail.com



Authorised Sales Promoter of CTM
SHIV AGENCY
ASHUTOSH TEXTILE PVT.LTD.
Supplier of all Type of Synthetic, Cotton, Texturise, Grey & Fancy Yarn



F-80, Riico Industrial Area,
Bhilwara- 311 001(Raj.)
No. 1 Chouraha, Bhilwara
Arun Agarwal- 98290 45130
admin@ashutoshtextiles.com
Happy Diwali



Happy Diwali
Raghav Agency
Trusted Name For All Kind of Yarn & Fibre

Authorized Agent of
- Trident Ltd., Ludhiana
- Ankur Udyog Ltd., Gorakhpur
- Pashupati Polytex Pvt. Ltd., Kashipur
- Sagar Manufacturers Pvt. Ltd., Bhopal
- Siddhartha Super Spg. Mills, Nalagarh
- J.P. Modatex L.L.P., Silvasa
- R.S.W.M. Ltd. - Unit LNJ Denim, Banswara
- Ginni Filaments Lt.d, Mathura
- Sitaram Spinners P Ltd., Secundrabad
- Vashnio Spinners P Ltd., Bhopal

Office: Sabun Marg, BHILWARA- 311001 (Raj.), Ph. 01482-310039
Mo. : 9314466747, 9414111402 | E-mail:sheetal@raghavindia.com




SHREE NAKODA
YARN AGENCIES
PARAS SYNTEX
Grey Count, PV & Polyester Yarn Supply
Sister Soncern
PARAS SYNTEX
SHREE NAKODA ASSOCIATES
F-115-A, 1st Floor, Heera Panna Market,
Ganesh Mandir Road, Bhilwara- 311 001
Achal Choudhary- 9460576916
Ph- (O) 01482-247916, Mob. 94141-15916
Email: nakodayarn@yahoo.com



JAIPUR YARN AGENCIES
शुभ दीपावली
SELLING AGENT OF
Sudiva Spinners Pvt. Ltd. | Avani Textiles Ltd.
Jay Prabhu Textile | Rudra Cotex Ltd.
PBM Polytex Ltd. | K. K. Spintex Ltd.
Aditya spinners ltd. | Sitaram spinners ltd.
Dholi Spintex Ltd.
7, Mansinghka Building, Duduwala Complex, Bhilwara-311001
Phone- (O) 246133, Mobile- 98290 45751, 90016 69999
Email jaipuryarnbhl@gmail.com



We Wish You A Very
Happy Diwali



SRM SPINNERS LIMITED
Manufacturer of Polyester & Viscose Blended Yarn
REGD. OFF. Sukh Shanti, Opposite HDFC Bank Sabun Marg, Bhilwara, Ph. 01482-316488
WORKS: 16 KM Stone, NH-79, Ajmer Road, Village Nanakpura, Th. Mandal Bhilwara (Raj.) 311 403, Ph.: 01482-316488, E-mail: raghav@srmspinners.in


## मल्टी फील्ड श्रेष्ठ यार्न उत्पादन में बेहतर क्रियेशन के साथ मर्चेन्ट एक्सपोर्ट एवं डायरेक्ट एक्सपोर्ट में भी प्रतिष्ठित कम्पनी

# RATAN BARJATIYA SPINNERS PVT. LTD.





भीलवाड़ा / स्थानीय यार्न व्यवसाय में बेहतर अनुभव रखने वाले उद्यमी श्री निरज जैन पिछले 20 वर्ष पूर्व 5000 स्पिण्डलयुक्त स्वयं का प्लाण्ट स्थापित किया एवं डवलपमेण्ट करते हुए एक ओर यूनिट की स्थापना की। वर्तमान में कुल 25000 स्पिण्डल का टीएफओ प्लाण्ट के अन्तर्गत यार्न उत्पादन कर रहे हैं। श्री जैन यार्न उत्पादन में स्वयं का ब्राण्ड आरबी स्पिनर्स नाम से स्थापित करते हुऐ अपने ब्राण्ड में माल निर्माण कर आपूर्ति कर रहे हैं। कम्पनी अपने उत्पादन में मल्टीफिल्ड श्रेष्ठ यार्न का उत्पादन कर रही है , कम्पनी अपने उत्पादन में पीवी, पोलिएस्टर, पीसी, कॉटन, फैंसी एवं मल्टीफोल्ड क्वालिटी यार्न का उत्पादन किया जा रहा है।

**HAPPY Diwali FESTIVAL OF LIGHTS**

**RB SPINNERS (INDIA)**

**वितरण...** कम्पनी भीलवाड़ा के अलावा घरेलु बाजार की कई वस्त्र मण्डियों में माल सप्लाई कर रही है। निर्यात क्षेत्र में कम्पनी मर्चेण्ट एक्सपोर्टर एवं डायरेक्ट एक्सपोर्ट में भी कॉटन एवं सिन्थेटिक्स यार्न की सप्लाई कर रही हैं।

**जॉब कार्य...** कम्पनी मर्चेण्ट एक्सपोर्टर एवं कॉरपोरेट स्पिनर्स का जॉब कार्य भी कर रही है।

## रतन बड़जात्या स्पिनर्स प्रा.लि.



भीलवाड़ा/ यार्न व्यापार में इनकी शुरूआत सन् 1984 में श्री नीरज जैन के पिताजी श्री संतोष जैन ने की। व्यापार में मिली सफलता के मद्देनजर 1996 में रतन टेक्सटाइल नाम से फर्म की स्थापना की एवं वर्तमान में इस क्षेत्र में बेहतर नाम स्थापित कर चुके हैं। डायरेक्टर श्री नीरज जैन द्वारा फर्म में Indenting Agent of: Suryalata Spinning(Nepal), Ankur Udyog, Jagdamba Spinning, Sivanta spinning, Rishik Spinning, ST Cottex Diamond Spinning, Alok Industries,Vasanta Spinning, Nagasindhu, Laxmi Spinning, Ellen Spinning, Nahar Spinning, Nahar Industries इत्यादि का यार्न सप्लाई किया जा रहा हैं। यार्न के सभी काउन्ट में पीवी, पोली, कॉटन एवं पीसी की सप्लाई शामिल हैं। कार्य विस्तार के अन्तर्गत जगदम्बा स्पिनिंग मिल्स (नेपाल) का कार्य भी शुरू किया जिसमें पीवी ग्रे में प्रॉडक्शन बढ़ाते हुए 1500 टन की सेल का टारगेट रखा है। कम्पनी द्वारा भीलवाड़ा में डिपो स्थापित किया गया जो बड़जात्या ब्रदर्स (नीरज जैन) के अन्तर्गत माल सप्लाई कर रहा है।

**मुम्बई ब्रांच -** कम्पनी का मुम्बई स्थित ब्रांच ऑफिस संचालित है जिसका प्रबन्धन इनके युवा पुत्र श्री भावित जैन कर रहे है।


| |
|---|
| All Type of PV, Grey, Polyster, PC, Dyed Yarn & Cotton, Multifold Yarn, Fancy Manufacturing |
| 25000 Spindle & 100 Machine Monthly Production 400 Ton |
| Total Yarn Sale in Bhilwara Mumbai & Ichalkaranji, Punjab, Gujrat |



कम्पनी द्वारा फैब्रिक उत्पादन में कार्य शुरू किया गया जिसमें यूनिफॉर्म फैब्रिक एवं गवर्नमेंट टेण्डर सप्लाई का कपड़ा आपूर्ति किया जा रहा है।


Indenting Agent & Dealers For All Type of Textile Yarn & Fabrics
MANUFACTURING, TRADING & AGENCY OF ALL TYPES YARNS
BARJATIYA BROTHERS / RATAN TEXTILE
Factory & Office: 165, 2nd Phase, Ricco Industrial Area, Near RIICO OFFICE, Bhilwara-310011Ph.: 01482-260036,
NEERAJ JAIN- 9414113144 | SANJEEV- 8764286144 | Office: BHAVIT- 9928913144 | S.K. JAIN- 9414111036
E-mail: barjatiyabrothers2014@gmail.com, info@rbspinners.com, Web: www.rbspinners.com




## मफतलाल के सेल्स गारंटर एजेंट

# पारस एजेंसी, बंगलुरु टॉप सेल अवॉर्ड से सम्मानित









बंगलुरु/ विगत दिनों देश की टॉप टेक्सटाइल कंपनीज में शुमार मफतलाल इंडस्ट्रीज लि. एवं जी फैब्रिक्स ने गोवा में ऑल इंडिया डीलर्स मीट का भव्य आयोजन किया। इस दौरान एजेंट्स एवं डीलर्स को इंडिया लेवल पर सर्वाधिक सेल के अवॉर्ड से नवाजा गया। जिसमें कर्नाटक के सेल्स गारंटर एजेंट पारस एजेंसी को वित्तीय वर्ष 2022-2023 में ऑल इंडिया लेवल पर बेस्ट सर्विस एवं टॉप सेल के लिए प्रथम पुरस्कार से सम्मानित किया है।

विदित है कि वर्ष 1983 से टेक्सटाइल व्यवसाय में कार्यरत पारस एजेंसी वर्ष 1996 से जी फैब्रिक्स का काम कर रही है। तदुपरांत मफतलाल एवं जी फैब्रिक्स का ज्वाइंट वेंचर होने के बाद वर्ष 2008 से मफतलाल इंडस्ट्रीज के सेल्स गारंटर एजेंट के रूप में एजेंसी पूरे कर्नाटक राज्य में मफतलाल के फैब्रिक्स की आपूर्ति करवा रही है। एजेंसी के संचालक श्री चिंतामणि जैन ने कहा कि वे बतौर एजेंट सिर्फ मफतलाल इंडस्ट्रीज का ही काम कर रहे हैं। साथ में इनके सुपुत्र श्री मुकेश जैन, श्री मनोज जैन एवं श्री संजय जैन भी व्यवसाय में सक्रिय है।






# रेडीमेड आइटमों की ग्राहकी जबरदस्त

**रेवाड़ी/ जयप्रकाश शर्मा**

बाजार में इस समय ग्राहकी की रौनक छाई हुई है। कपड़े में पेन्ट शर्ट जोड़ी की अच्छी डिमाण्ड है। मार्केट में ग्राहकी अच्छी हो रही है। रिटेल व्यापारी इन्द्र मोहन एंड कंपनी के यहां साड़ियां, पैंट शर्ट जोरो पर बिक रहा है। नयी-नयी वैरायटी में प्रिन्ट साड़ीयाँ 200, 500,1000 रूपये तक की अच्छी डिमांड से बिक रही है। M.H. Hitawala के पेंट-शर्ट एवं साड़ियों की ग्राहकी डिमांड अच्छी है, अभी बाजार अच्छा चल रहा है। भारद्वाज एम्पोरियम महेंद्रगढ़ में श्री संजय शर्मा रेडीमेड की ग्राहकी बहुत अच्छी चल रही है। रेडिमेड में नई-नई वैरायटी के डिजाइंस जींस, पेंट-शर्ट, बच्चों की ड्रेस अच्छी बिक रही है। राम एम्पोरियम नारनौल रेडीमेड व शुभम एम्पोरियम नारनौल रेडिमेड में ग्राहकी अच्छी हो रही है, बाजार में सभी आइटमों की ग्राहकी जोर-शोर से चल रही है। बाजार आगे भी अच्छा चलेगा क्योंकि पेमेंट की आवक ठीक है। आगे बाजार अच्छा चलने की पूरी उम्मीद है।








# काका यूनिफॉर्म निरन्तर उन्नति की ओर अग्रसर

**मुम्बई/** पिछले काफी वर्षों से यूनिफॉर्म सेक्टर में कार्यरत काका यूनिफॉर्म द्वारा इस सीजन के लिए काफी डवलपमेंट बाजार में पेश किए हैं, जिन्हें भारत की तमाम मण्डियों से अच्छी बुकिंग मिलना शुरू हो गई है। वर्ष 1988 में स्थापित काका यूनिफॉर्म आज यूनिफॉर्म क्षेत्र में जाना पहचाना नाम है। जिसकी स्थापना श्री किशोर जैन, श्री रमेश जैन तथा श्री कीर्ति जैन द्वारा की गई जो आज अपने सभी उत्पाद इन हाउस उत्पादन कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि कंपनी द्वारा बाजार में 6 कैटलॉग में नई डिजाइनों को समाहित किया है जो व्यापारियों को दिनों-दिन भेजी जा रही है। इसमें तीन स्कूल यूनिफॉर्म, 1 कॉर्पोरेट एवं 2 हॉस्पिटल पेट्रोलियम को ध्यान में रखते हुए तैयार की गई। श्री जैन ने बताया कि हमारे द्वारा यूनिफॉर्म सेक्टर के लिए वर्षभर कार्य किया जाता है, जिसमें स्कूल यूनिफॉर्म, हॉस्पिटल, होटल, इण्डस्ट्रियल, पेट्रोलियम एवं कॉरपोरेट सेक्टर में काफी डवलपमेंट किए गए हैं। इसमें चैक्स, स्ट्राइप्स, ऑक्सफोर्ड ट्वील की क्वालिटियों का उत्पादन कर भारत की तमाम मंडियों में बड़े पैमाने पर सप्लाई की जा रही है। उन्होंने कहा कि हमारे पास यूनिफॉर्म सेक्टर के लिए 5000 डिजाइंस रेगुलर बनाई जा रही है। साथ ही प्रोग्राम बेस पर भी रेग्युलर ऑर्डर्स आ रहे हैं।

KaKa UNIFORMS ™

## युवा पीढ़ी के बढ़ते कदम

श्री जैन ने यह भी कहा कि दिनों दिन बढ़ती प्रतिस्पर्धा को ध्यान में रखकर हमने यूनिफॉर्म सेक्टर में कार्य का विस्तार किया है। आज हमारे द्वारा सभी उत्पादन अत्याधुनिक मशीनों जैसे एयरजेट, रेपीयर, सोल्जर, इंग्लिश मशीनों पर उत्पादन करते हुए मुंबई को टॉप प्रौसेस हाउसों में फैब्रिक की प्रोसेसिंग की जा रही है। जिससे हम अपने उत्पादों को समय पर डिलिवरी देने में सक्षम है।









UNIFORM & GARMENT FABRIC EXPO 8 9 Jan 2024 Princess Golf, Gate no. 9, Palace Ground Bengaluru




# फाइन और एक्स्ट्रा लॉन्ग स्टेपल वैरायटी की रूई के लिए आयात पर निर्भरता

**मुंबई/ रमाशंकर पाण्डेय**

दीपावली के अवसर पर कपास की आवक जोरदार रही है। बम्पर आवक के बीच कपास के भाव पर कोई दबाव नहीं है। आवक बढ़ने और कपास का भाव समर्थन मूल्य से अधिक मिलने पर किसानों की बिकवाली बढ़ी है। सूत्रों का कहना है कि पिछले वर्ष की तुलना में हाल ही कपास सस्ते भाव पर उपलब्ध है, जैसे-जैसे किसानों की फसले तैयार होती जा रही है, वैसे-ही बाजार में आ रही है। ऐसा माना जा रहा है कि पिछले वर्ष के अनुभव को देखते हुए किसानों की बिकवाली बनी हुई है। पिछले वर्ष किसान भाव बढ़ने का इंतजार करते रहे और उनको उचित भाव नहीं मिल सका था। इस बार जिनिंग मिलों के पास कपास की कोई कमी नहीं है।

जिनिंग मिलें पूरी क्षमता से कार्य कर रही है। किसानों को जब तक उचित भाव मिल रहा है तब तक सीसीआई के हस्तपक्षेप करने की संभावना नहीं है लेकिन इस बीच 29 अक्टूबर 2013 को हैदराबाद में कॉटन एसोसिएशन ऑफ इंडिया कॉन्फ्रेंस की कुछ बातें गौर करने लायक है। बहुविध मूल्यवर्धित डाउनस्ट्रीम उत्पादन और निर्यात कमाई की दृष्टि से भारत के अर्थतंत्र में रूई का विशेष उल्लेख है। देश में कपास की खेती विश्व के सबसे बडे क्षेत्रफल 125 लाख हेक्टेयर में है। उत्पादन अनुमान 320 से 330 लाख गाँठ के साथ वैश्विक स्तर पर रूई उत्पादन में संभवतः दूसरे स्थान पर है। परंतु प्रति हेक्टेयर उत्पादकता घट कर 440 किलोग्राम रही है, जो पाँच वर्ष पहले 500 किलोग्राम थी।

इतना ही नहीं देश रूई, कॉटन यार्न और मूल्यवर्धित कपडों का भी अच्छा निर्यातक है फिर भी कॉटन क्षेत्र हाल ही निर्णायक चरण में है। उत्पादन स्थिर है, मांग एवं आपूर्ति के बीच असंगतता है, रूई के भाव अस्थिर रहते है, निर्यात घटने से सरप्लस स्थिति होती है, फाईन और एक्स्ट्रा लांग स्टेपल वैरायटी के लिए आयात पर निर्भरता है। वहीं रूई की मांग बढ़ने के प्रबल संयोग है और अनुमान है कि 2023 तक रूई की मांग धीरे-धीरे बढ़ते हुए 380 से 390 लाख गांठ हो सकती है। इसलिए आर्थिक वृद्धि और रूई की खपत के बीच सकारात्मक सहसंबंध होना जरूरी है। क्योंकि कृषि योग्य जमीन की सीमा, पानी की कमी और अधिकता, जलवायु का प्रभाव उत्पादन को प्रभावित करते है।







Available at all the leading retail outlets and Siyaram's Shops across the country. For trade/corporate enquiries, contact: 022-30400500. Toll-free No.: 1800 209 4005.
For franchise enquiries, contact: 09820197273 / 09322599969. Email: enquiries@siyaram.com | www.siyaram.com Follow us on:

## सम्पादकीय....

# 'भारत' की पहचान हिन्दी

**जब** हमारा देश आजाद हुआ था तो सभी के मन में यह विचार स्वाभाविक रूप से आया था कि आजाद भारत की अपनी एक राष्ट्रभाषा होनी चाहिए। इसलिए संविधान निर्माण के समय इस बात को ध्यान में रख कर यह विचार किया गया कि भारत की राष्ट्रभाषा हिंदी होनी चाहिए। संविधान सभा के समस्त सदस्यों ने इसका समर्थन किया और तब से हिंदी को भारत की राष्ट्रभाषा का दर्जा दिया गया।

भारत एक बहुभाषी देश है। यहां के विभिन्न राज्यों में भिन्न-भिन्न भाषाएं बोली जाती हैं। पंजाबी, मराठी, बंगाली, असमिया, उड़िया, तमिल, तेलगु एवं अन्य क्षेत्रों के अनुसार भारत में कई क्षेत्रीय भाषाएं हैं। किसी भाषा को देश की राजभाषा बनाने के लिए यह अत्यंत आवश्यक है कि उसे देश की बहुसंख्यक जनता बोलती और समझती हो। उत्तर प्रदेश, राजस्थान, दिल्ली, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश और मध्य प्रदेश राज्यों में तो हिंदी का बोलबाला है। इसके साथ महाराष्ट्र, गुजरात, पंजाब और कश्मीर में भी हिंदी भाषा का बोलबाला है। भारतीय संविधान की धारा 343 के अंतर्गत हिंदी को राजभाषा बनाया गया और धारा 351 के अंतर्गत यह प्रावधान किया गया कि हिंदी के प्रचार-प्रसार एवं विकास के लिए सरकार प्रय|शील रहेगी। केंद्रीय हिंदी निदेशालय का गठन इसी प्रावधान के अंतर्गत किया गया है।

लेकिन हमारे देश में आज भी हिंदी भाषा को विरोध झेलना पड़ रहा है क्योंकि आज भी कुछ लोग अंग्रेजी सभ्यता एवं संस्कृति के गुलाम बने हुए हैं। अंग्रेजी का यह छोटा सा तबका सामान्य जनता का शोषण करता है और सरकारी कामकाज की भाषा के रूप में अंग्रेजी भाषा के पक्षधर है। यह विडंबना ही है कि जो अंग्रेजी भाषा भारत के लगभग दो फीसद लोग भी सही ढंग से समझ और बोल नहीं पाते हैं, वही अंग्रेजी भाषा आज भी सरकारी कार्यालयों में छाई हुई है। हैरानी की बात तो यह है कि उच्च अदालतों के कामकाज की भाषा भी सिर्फ अंग्रेजी ही है। ऐसे में गैर हिंदी भाषी तो न्याय के लिए बिना अंग्रेजी जानने वाले के अदालत पहुंच ही नहीं सकता। हिंदी को स्थापित करने के लिए अंग्रेजी के प्रचलन को रोकना ही होगा क्योंकि अपनी राष्ट्रभाषा की उन्नति से ही देश की उन्नति हो सकती है। अंग्रेजी देश को एकता के सूत्र में नहीं बांध सकती है। यह कार्य हिंदी भाषा को ही करना होगा।

इसी अंग्रेजी भाषा ने भारतीय शिक्षा पद्धति में भी सेंध लगा दी। देशभर में इसी कमी के कारण कई प्रतिभावान छात्रों को इस अंग्रेजी भाषा के बोझ तले दबना पड़ता है।

विगत कुछ वर्षों में हिंदी का प्रचलन बढ़ता जा रहा है। राजनीतिक गलियारों से लेकर सिनेमाघरों के कामकाज में भी बदलाव देखे जा रहे है। यहाँ भारत के शीर्ष नेतृत्व भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी इस हिंदी की महिमा का जीता-जागता उदाहरण है। हिंदी भाषा व्यक्ति विशेष की अंतरात्मा को जोड़ने की एक कड़ी है। इसी सोच के साथ यदि राष्ट्र आगे बढ़े तो विश्व पटल पर इंडिया अवश्य 'भारत' हो जाएगा।

# अच्छाई और मानवता का एक दीपक जलाएँ, आओ, दिवाली मनाएँ



श्री हरेश मेहता
प्रेसीडेन्ट-यश कॉटन कॉरपोरेशन
(प्रसिद्ध मार्केटिंग गुरू)

**मेरे स्नेहीजनों,**

सबसे पहले तो मैं रोशनी के इस पावन पर्व की आप एवं आपके परिवार को बहुत-बहुत शुभकामनाएँ देता हूँ। दिवाली यानी कि खुशियों के दिन आ चुके है। दिवाली हमारे देश का सबसे बड़ा और महत्त्वपूर्ण त्योहार माना जाता है। इस पर्व को 'रोशनी के त्योहार' के रूप में भी जाना जाता है। दिवाली अर्थात् अंधेरे पर प्रकाश की जीत, बुराई पर अच्छाई और अज्ञान पर ज्ञान की जीत का प्रतीक है। दिवाली आती है तो सबके जीवन और हृदय में खुशियाँ लाती है। सही रूप से देखा जाए तो दिवाली का त्योहार प्रसन्नता का संवाहक है।

दिवाली वह समय है जब हम अपने घरों में खूबसूरत मिट्टी के दीपक, रंग-बिरंगी रोशनी और रंगोलियों से सजाते हैं। चमचमाते दीपक, रंग-बिरंगी कंदील और भव्य मिठाइयों का दृश्य हमारें उत्साह को और भी बढ़ाता है। यह ऐसा अवसर है जो परिवार और दोस्तों को एक साथ लाता है। चमकदार रोशनी और मिठाइयों से सुसज्जित, 'खुद और दूसरों के जीवन में प्रकाश फैलाने' वाला त्योहार है।

इस शुभ दिन पर, हम दीये जलाते हैं, अपने घरों को रोशन करते हैं। दीयों की रोशनी अंधेरे को दूर कर हमारे जीवन में प्रकाश लाने का प्रतीक है जो न केवल शाब्दिक रूप से बल्कि प्रतीकात्मक रूप से भी। प्रकाश सकारात्मकता, आशा और खुशी का प्रतीक है। यह त्योहार एक अनुस्मारक है जो हमारे परिवेश को सकारात्मक ऊर्जा और उत्थान के साथ रोशन करने का प्रयास करता है। दिवाली हमें ज्ञान का दीपक जलाने के लिए प्रेरित करता ज्ञान का स्रोत है। जिसमें हमें खुद को नए नए ज्ञान से लाभान्वित करना, ज्ञान प्राप्त करना और इसे दूसरों के बीच फैलाना चाहिए। हमें अपने भीतर चमकती रोशनी को समझ बेहतर इंसान बनने का प्रयास करना चाहिए। अपने जीवन को बदलने और ज्ञान प्राप्त कर बेहतर जीवन जीने की शक्ति है, इसलिए दिवाली हमें आत्म-सुधार के लिए लगातार प्रयास करने के लिए प्रोत्साहित करती है। दिवाली एक कदम आगे बढ़ाने और दूसरों के जीवन में खुशी और प्रकाश फैलाने का एक त्योहार है। यह उन लोगों तक पहुँचने का अवसर है जो इतने भाग्यशाली नहीं हैं और हम किसी भी तरह से उनकी मदद कर सकते हैं। हम गरीबों और वंचितों को मिठाई या कपड़े बांट सकते हैं व किसी जरूरतमंद की मदद कर सकते हैं, जो उनके जीवन में रोशनी लाने में काफी मदद करेगा। ऐसा करके हम न केवल दूसरों के जीवन को छूते हैं, बल्कि दूसरों की सेवा से मिलने वाली कृतज्ञता और संतुष्टि की भावना से अपने जीवन को भी समृद्ध करते हैं। दिवाली हमें यह भी सिखाती है कि हमने जो समाज से पाया है, वो हमें किसी भी संभव तरीके से समाज को वापस लौटाने का प्रयास करना चाहिए, चाहे वह पैसा दान करना हो, स्वेच्छा से समय देना हो या दूसरों की मदद करना हो। दिवाली केवल रोशनी का त्योहार नहीं है बल्कि प्यार, खुशी और हमारे जीवन के आस-पास में सकारात्मक ऊर्जा के प्रसार का भी त्योहार है।

इसकी शुरुआत हमें सर्वप्रथम आसपास के लोगों से करनी चाहिए जो कि हमारे साथ जुड़े हुए है। उनके साथ खुशियां बाँटना हमारा प्राथमिक कर्त्तव्य व महत्त्वपूर्ण जिम्मेदारी भी। उनके सुख में सहभागी होना और दुःख में सांत्वना देना जितनी हो उतनी मदद करना भी हमारे हिस्से में आता है। प्रसिद्ध कवि श्री हरिवंशराय बच्चन की उक्त कविता में, आइए! खुशियों के इस त्योहार में परमात्मा जो सभी के जीवन में प्रसन्नता के पल दे, सबको अपने हिस्से की रोशनी मिले और जीवन में निरामयता का संचार हो ऐसी कामना करें।

साथी, घर-घर आज दिवाली।
साथी, घर-घर आज दिवाली।
फैल गयी दीपों की माला
मंदिर-मंदिर में उजियाला,
किंतु हमारे घर का, देखो, दर काला, दीवारें काली।।
साथी, घर-घर आज दिवाली।
हास, उमंग हृदय में भर-भर
घूम रहा गृह-गृह पथ-पथ पर,
किंतु हमारे घर के अंदर डरा हुआ सूनापन खाली।।
साथी, घर-घर आज दिवाली।
आँख हमारी नभ-मंडल पर,
वही हमारा नीलम का घर,
दीप मालिका मना रही है रात हमारी तारोंवाली।
साथी, घर-घर आज दिवाली।।

Email: harresh.mehta@yashcotton.com | Mobile +91 82916-71111

# 11 दिवसीय होगा विंध्य व्यापार मेला

**सतना/ बलराम शुक्ला**



विंध्य चेम्बर ऑफ कॉमर्स एण्ड इंडस्ट्रीज द्वारा आयोजित इस ग्यारह दिवसीय व्यापार मेले का लॉञ्चिंग समारोह मोती महल गार्डन में रविवार को किया गया। चेम्बर में आमंत्रित स्थानीय एवं आसपास के व्यापारी और उद्योगपति एकत्रित हुए। विंध्य चेम्बर के अध्यक्ष श्री सतीश सुखेजा ने बताया कि यह मेला बीटीआई ग्राउंड में 23 दिसंबर से 2 जनवरी तक चलेगा। मेले में चार डोम होंगे, जिसमें 219 स्टॉल लगायी जाएगी। मेला परिसर में बड़ी एलईडी लगाई जायेगी जिसमें सांस्कृतिक कार्यक्रमों का प्रसारण किया जायेगा।

मेले में मनोरंजन जॉन भी बनाया जायेगा एवं अतिथियों के लिए एक कार्यालय बनाया जायेगा जिसके प्रभारी चेम्बर के कनिष्ठ उपाध्यक्ष श्री दीपक अग्रवाल होंगे।

**मुंबई/** क्वालिटी एवं इनोवेशन से अपने ब्राण्ड ''नेचुरल लिनन'' को भारत की तमाम मण्डियों में पहुँचाने में कम्पनी के डायरेक्टर श्री संजय मेठानी ने भरसक प्रयास कर अपने ब्राण्ड को नित नयी ऊँच्चाइयों पर पहुँचाया है। हमेशा नई सोच के साथ आगे बढ़ते हुए श्री मेठानी ने बताया कि आगामी सीजन को ध्यान में रखते हुए हमारे द्वारा वैवाहिक सीजन पर फोकस करते हुए एथनिक वियर की भरपूर रेंज तैयार की है जिसमें एंब्रॉयडरी, लिनन, सिकवेंस बूटा, प्रिन्ट, जैकार्ड, डिजिटल प्रिन्ट में भरपूर नया कलेक्शन बाजार में पेश कर रहे हैं। इन सभी डिजाइनों में अलग बेस की वर्किंग की जा रही है।

**शर्टिंग एवं कुर्ते की विस्तृत रेंज की जबरदस्त डिमांड**

अलग-अलग कलर चार्ट तैयार बाहरी मंडियों में भेजकर ऑर्डर्स किए जा रहे हैं। समर एवं ईद की बुकिंग शुरू करते ही बांबू, टेंसील, कॉटन, लिनन, मोडाल, एक्सल, आइटमों की भरपूर डिमांड देखने को मिल रही है। 58'' शर्टिंग फैब्रिक एवं कुर्ते की रेंज में बहुत अच्छा डवलपमेंट पेश कर रहे हैं। 58'' शर्टिंग फैब्रिक में कॉटन, प्लेन, पीसी शर्टिंग, डेनिम, डिजिटल प्रिन्ट, पीस डाइड, प्रिण्ट, विस्कोस आदि क्वालिटियों में 25 से 30 कलर चार्ट हमेशा उपलब्ध रहते हैं। इसके अलावा कुर्ते फैब्रिक में टॉप डाइड, पीस डाइड व फैंसी धागों से निर्मित फैब्रिक, प्रिन्ट, वेल्यू एडिसन, विस्कोस, लाइक्रा की विस्तृत रेंज की डिमांड बनी हुई है और आने वाले वैवाहिक सीजन के लिए नया डवलपमेंट बाजार में पेश करने की योजना पर कार्य किया जा रहा है।






**बड़े गारमेंट निर्माताओं को सप्लाई**

श्री मेठानी ने बताया कि आज हमारे शर्टिंग फैब्रिक एवं कुर्ते की रेंज बड़े-बड़े गारमेंट निर्माताओं को सप्लाई की जा रही है और आज के इस दौर में वेल्यू एडिशन का क्रेज निरंतर बढ़ता जा रहा है। हर त्योहार एवं शादी समारोह पर कुर्ते पर ज्यादा फोकस होने से मार्केट में इसकी निरंतर डिमांड बनी हुई है। आगामी वैवाहिक सीजन एवं समर सीजन में ग्राहकी अच्छी चलने की उम्मीद बनी हुई है।

**समर एवं ईद के लिए व्हाइट की विस्तृत रेंज**

आज हमारे द्वारा हर प्रकार की फैब्रिक रेंज तैयार की जाती है। व्हाइट शर्टिंग एवं कुर्ते की हमारे पास हमेशा डिमांड बनी रहती है। इसके अलावा लिनन फैब्रिक में 44 ली, 60 ली, में हमारी पकड़ काफी मजबूत है।


Siyaram's
SPIRIT®
100% Cotton Shirting
UNVEILING THE FASHION OF FUTURE
SCAN THE QR CODE TO VIEW THE VIDEO
Available at all the leading retail outlets and Siyaram's Shops across the country. For trade/corporate enquiries, contact: 022-68330500. Toll-free No.: 1800 209 4005.
For franchise enquiries, contact: 09820197273. Email: enquiries@siyaram.com | www.siyaram.com Follow us on:


Siyaram's
VICTORY®
Premium Shirting Fabric
BRINGING TO YOU A NEW AGE
Fashion
SCAN THE QR CODE TO VIEW THE VIDEO
Available at all the leading retail outlets and Siyaram's Shops across the country. For trade/corporate enquiries, contact: 022-68330500. Toll-free No.: 1800 209 4005.
For franchise enquiries, contact: 09820197273. Email: enquiries@siyaram.com | www.siyaram.com Follow us on:




# रमेश शर्टिंग के गारमेन्ट ब्राण्ड मोन्टेरो का बढ़ता दायरा

मुम्बई/ प्रतिष्ठित शर्टिंग फैब्रिक ब्राण्ड रमेश शर्टिंग की दीपावली के लिए अच्छी डिस्पेच जारी है। कम्पनी निरन्तर अपने उत्पादों में डवलपमेण्ट करते हुए बाहरी मण्डियों में नयी-नयी सेम्पलिंग कर आगे बढ़ रही है। रमेश शर्टिंग की उत्पादक कम्पनी गाड़ोदिया सिन्टेक्स प्रा.लि. के डायरेक्टर श्री रमेश गाड़ोदिया ने बताया कि इस वैवाहिक सीजन हेतु हमारे द्वारा काफी नये डवलपमेण्ट बाजार में पेश किए गये हैं, जिसमें 36'' एवं 58'' शर्टिंग में लोन बेस के क्लॉथ, प्लेन, कलरफुल आइटम, चैक्स व प्रिण्ट की सभी वैरायटियों के साथ अच्छी प्लानिंग की है। ये कलेक्शन सम्पूर्ण बाजार में धड़ल्ले से बिक रहे हैं। कॉटन, पीसी, कलरफुल चार्ट तथा एम्ब्रॉयडरी में भी अनेक डवलपमेण्ट पेश किए हैं।

उन्होंने कहा कि इस वैवाहिक सीजन हेतु हमारी गणगौर साड़ी में भी काफी अच्छी डिस्पेच चल रही है, इसमें एम्ब्रॉयडरी तथा प्रिण्ट की काफी डिमाण्ड बनी हुई है। जोड़ी पैकिंग में भी काफी माल की सप्लाई की जा रही है। कुल मिलाकर यह मान लिया जाए कि अगस्त के बाद से अब तक रमेश शर्टिंग की ग्राहकी का अच्छा दौर है तथा मार्केट में अच्छी डिस्पेच चल रही है।

**आगामी सीजन हेतु शर्टिंग फैब्रिक में नया डवलपमेन्ट**

## मोन्टेरो ब्राण्ड में अच्छी बुकिंग

श्री गाड़ोदिया ने यह भी बताया कि शर्टिंग फैब्रिक के साथ-साथ कम्पनी गारमेण्ट क्षेत्र में भी पाँव पसार चुकी है। कम्पनी के गारमेण्ट ब्राण्ड मोन्टेरो में रेडीमेड शर्ट डेनिम जीन्स की अच्छी डिमाण्ड बनी हुई है। पिछले माह से इस ब्राण्ड में अच्छी डिस्पेच देखने को मिल रही है, साथ ही कम्पनी द्वारा मात्र 1 वर्ष पहले डेनिम जीन्स का भी प्रॉडक्शन शुरू किया है, जिसकी भरपूर डिमाण्ड बनी हुई है। अब कम्पनी के पास रेगुलर रेडीमेड शर्ट तथा जीन्स में भी उत्पाद मिलना शुरू हो गया, जो निश्चित ही कम्पनी की ग्रोथ करेगा। इस ब्राण्ड के लिए कम्पनी निरन्तर सेल्स नेटवर्क में बढ़ोतरी करती जा रही है भारत के सभी व्यापारियों से आग्रह करती है कि जो भी कम्पनी के इस ब्राण्ड के साथ जुड़ना चाहते है वे आज ही कम्पनी से सम्पर्क करें और अपने व्यापार में गति प्रदान करें।



HAPPY Diwali FESTIVAL OF LIGHTS

7 से 21 नवम्बर, 2023

SINCE 1998

# टेक्सटाइल वर्ल्ड

SURAT TEXTILE
TRADE EDITION

Prepared by
SATYA PRAKASH
M.: 98282 49064

# महिलाओं का सबसे पसंदीदा ब्राण्ड विपुल

## फैंसी प्रिंटेड डिजाइनर साड़ियों में सालों से सुपरहिट




VIPUL® SINCE 1974 Anil Agarwal Group 50 YEARS of CELEBRATION



श्री अनिल अग्रवाल



श्री अंकुर अग्रवाल

सूरत/ विश्व प्रसिद्ध वूमेंस फैशन ब्राण्ड 'विपुल' की निर्माता कंपनी अयान ट्रेंड्स प्रा.लि. फैंसी प्रिंटेड डिजाइनर साड़ियों एवं डाइड साड़ियों के उत्पादन में लीडर कंपनी है। भारतीय महिलाओं की पसंद के अनुरूप साड़ीज उत्पादन में सिद्धहस्त यह कंपनी सूरत में फैशन क्रिएटर कंपनी के रूप में विख्यात है। चेयरमैन श्री अनिल अग्रवाल के निर्देशन में कंपनी महिलाओं की खूबसूरती को निखारने वाले परिधान साड़ीज को फैशनेबल एवं स्टाइलिश अंदाज में पेश कर महिलाओं का दिल जीतने में कामयाब रही है। डिजिटल प्रिंटेड एवं एंब्रॉयडरी साड़ियों में सर्वश्रेष्ठ कलेक्शन 'विपुल' ब्राण्ड की यूएसपी है। कैजुअल, पार्टी वियर एवं डेली यूज की साड़ियों के लिए श्रेष्ठ विकल्प के तौर पर चुने जाने वाला 'विपुल' ब्राण्ड विगत 50 वर्षों से महिलाओं की पसंद पर खरा उतर रहा है। कंपनी के युवा डायरेक्टर श्री अंकुर अग्रवाल ने कहा कि साड़ी निर्माण के प्रत्येक स्तर पर क्वालिटी एवं गुणवत्ता का ध्यान रखते हुए लेटेस्ट फैशन ट्रेंड्स के अनुरूप उत्पादन किया जाता है। कंपनी की अनुभवी डिजाइनर्स टीम द्वारा हर दिन नए-नए कॉन्सेप्ट पर प्रिंटेड साड़ियों में विविध रेंज तैयार की जा रही है। सीजन की एडवांस प्लानिंग तथा समय पर व्यापारियों को माल की डिलिवरी सुनिश्चित करना कंपनी की शुरू से ही कार्यशैली रही है।

## साड़ीज सदाबहार फैशन परिधान -श्री अनिल अग्रवाल

भारत में महिलाओं का सबसे पसंदीदा पहनावा साड़ी सदाबहार फैशन का प्रतीक रहा है। दशकों से महिलाओं के सौंदर्य को निखारने का काम कर रहे साड़ी निर्माताओं ने रेग्युलर क्रिएशन के दम पर साड़ीज को कभी फैशन से अलग नहीं होने दिया। बदलते फैशन ट्रेंड्स में महिलाओं के पहनावे में कई विकल्प आ गए लेकिन साड़ीज के प्रति क्रेज बरकरार है। आज भी भारतीय परिवारों में तीज-त्योहारों एवं शादी-विवाह में पहनी जाने वाली पोशाक में महिलाओं का साड़ीज के प्रति ही आकर्षण बरकरार है। विपुल ब्राण्ड ने भी महिलाओं के सदाबहार पहनावे साड़ी को समकालीन फैशन ट्रेंड्स के अनुरूप तैयार करने की सजगता दिखाई है। बदलते फैशन ट्रेंड्स को विपुल ने अपने विस्तार का फॉर्मूला बनाकर नित नए डवलपमेंट्स पर फोकस किया, जिसके चलते आज विपुल फैशन इंडस्ट्री में शिखर पर है।

## फैशन क्रिएटर कंपनी

अयान ट्रेंड्स प्रा. लि. फैशन इंडस्ट्री में 50 वर्षों का स्वर्णिम सफर तय कर चुकी है। सूरत टेक्सटाइल इंडस्ट्री को नई दिशा देने वाले इस कंपनी के चैयरमेन श्री अनिल अग्रवाल का व्यावसायिक सफर पूरी टेक्सटाइल इंडस्ट्री के लिए अनुसरण करने जैसा है। साड़ियों में जो डिजाइंस एवं फैब्रिक इनोवेशंस इनके द्वारा पेश किए जाते हैं उन्हें पूरी इंडस्ट्री फॉलो करती है। साड़ियों में नित नए डवलपमेंट और हर सीजन के लिए खास कलेक्शन तैयार करने के लिए नए-नए कॉन्सेप्ट पर काम करना इनके शिल्प कौशल को दर्शाता है। फैंसी साड़ियों में डिजिटल प्रिंट एवं एंब्रॉयडरी डिजाइंस के आकर्षक कलेक्शन में अयान ट्रेंड्स प्रा. लि. खास पहचान रखती है।

## बेजोड़ क्वालिटी एवं स्टाइल का उम्दा सम्मिश्रण

विपुल की साड़ियां आरामदायक होने के साथ-साथ पहनने वाली महिलाओं को फैशन ओरियंटेड होने का एहसास कराती है। बेजोड़ क्वालिटी एवं स्टाइल का उम्दा सम्मिश्रण विपुल की साड़ियाँ लेडीज फैशन स्टेटमेंट का सटीक प्रमाण है। साड़ियों में कलर, पैटर्न एवं क्रिएशन को अहम् मानने वाली अयान ट्रेंड्स प्रा. लि. महिलाओं के व्यक्तित्व को निखारने हेतु हर खास अवसर के लिए साड़ियाँ बना रही है। कंपनी प्रति माह 40-50 नई कैटलॉग तैयार करती है। हर कैटलॉग अलग-अलग एवं अनूठा होता है।

## वेडिंग सीजन की जबरदस्त तैयारी

अयान ट्रेंड्स प्रा. लि. के पास रक्षाबंधन से ही अच्छी ग्राहकी का दौर जारी है। दुर्गापूजा, करवाचौथ एवं दीपावली अर्थात् फेस्टिव सीजन में कंपनी ने रेग्युलर क्रिएशन करते हुए अच्छी बिक्री की। नवरात्रि के बाद से ही कंपनी को वेडिंग सीजन के अच्छे ऑर्डर्स मिल रहे हैं। श्री अग्रवाल के अनुसार कंपनी के वैवाहिक एवं पार्टी वियर कलेक्शन की इस समय अच्छी मांग है। डिजिटल प्रिंट एवं एंब्रॉयडरी साड़ीज में कंपनी ने सैकड़ों नए डिजाइंस क्रिएट किए हैं। कंपनी लेडीज गारमेंट्स उत्पादन में भी अच्छी तैयारी के साथ आगे बढ़ रही है। हाई वैल्यू सलवार सूट, कुर्तीज, गाउंस आदि के उत्पादन में कंपनी नए-नए डवलपमेंट कर रही है।

**AYAAN TRENDDZ PVT. LTD.**

Corporate Office
101 to 103, Orchid Tower, Puna Kumbhariya Road, Surat - 395 010. (Guj.)
Tel: +91 261 4010401

Sales Office
Under Ground, Sagar Shopping Center, Sahara Darwaja, Ring Road, Surat - 394 230. (Guj.)
Tel: +91 261 4010401

www.vipulfashions.com



### फैशन की दुनिया में चमकता ब्राण्ड

# कयान प्रिंट्स

## फैंसी प्रिंटेड साड़ीज में वाइडेस्ट रेंज के लिए मशहूर


श्री नवीन शेवानी

**सूरत/** हर भारतीय महिला के सबसे पसंदीदा पहनावे साड़ी का उत्पादन सूरत मंडी में आम बात है परंतु यहाँ के कुछ साड़ीज निर्माताओं ने नियमित क्रिएशन एवं इनोवेशन के दम पर देश में सूरत का मान सम्मान बढ़ाया है। ऐसी ही एक कम्पनी कयान प्रिंट्स प्रा. लि. जिसने फैंसी प्रिंटेड डिजाइनर साड़ीज के उत्पादन में खूबसूरत एवं आकर्षक डिजाइंस की बदौलत अहम् पहचान कायम की है। वर्ष 2009 में स्थापित कयान प्रिंट्स प्रा.लि. के युवा डायरेक्टर श्री नवीन शेवानी ने अपनी विलक्षण प्रतिभा से फैशनेबल एवं स्टाइलिश साड़ीज में काबिले तारीफ कलेक्शन तैयार कर उत्कृष्ट कार्यशैली का परिचय दिया है। आज इन्ही की कठिन मेहनत एवं फैशन के प्रति जागरूकता से फैंसी प्रिण्टेड साड़ीज के उत्पादन में 'कयान प्रिंट्स प्रा.लि.' का नाम अग्रणीय है। भारत देश की विविधता एवं क्षेत्रीय फैशन ट्रेंड्स के अनुरूप तैयार कयान प्रिंट्स की फैंसी साड़ीज फॉर्मल एवं पार्टी वियर पहनावे के रूप में देशभर की महिलाओं द्वारा खूब पसंद की जाती है। साड़ीज की शानदार क्वालिटी एवं मॉडर्न फैशन डिजाइनिंग के मामले में कम्पनी का कैटलॉग कलेक्शन भी बाजार में हमेशा चर्चित रहता है। श्री नवीन शेवानी के नेतृत्व में कम्पनी के डिजाइनर्स हर दिन नए-नए डिजाइंस क्रिएट करते रहते हैं, जिन्हे आकर्षक कैटलॉग के रूप में कम्पनी बाजार में पेश करती रहती है। ग्राहकों की सुविधा के लिए कंपनी अपने ज्यादातर उत्पादन के कैटलॉग्स ही तैयार करती है। हर सीजन की तैयारी उत्सव की तरह करना कंपनी की कार्यशैली का हिस्सा है। देश के हर राज्य का अलग-अलग फैशन टेस्ट होता है, जिसे कम्पनी भली-भाँति समझती है, यही नहीं सभी क्षेत्रीय त्योंहारों के लिए फैंसी साड़ीज तैयार करती है। जिसके चलते पूरे भारत में कंपनी का मजबूत डीलर नेटवर्क स्थापित हो चुका है।



KAYAAN® PRINTS PVT.LTD.

### आगामी वेडिंग सीजन की जबरदस्त तैयारी

कयान प्रिण्ट्स के पास रक्षाबंधन एवं तीज से ही अच्छी ग्राहकी है। प्रिण्टेड साड़ियों में इस साल के नये कलेक्शन को खूब सराहा गया। अभी दीपावली के सीजन को शानदार तरीके से कवर करने के बाद कंपनी के पास नवरात्रों के बाद से ही वेडिंग की ग्राहकी का जोर है। फैंसी साड़ीज में नये-नये कैटलॉग कलेक्शन जारी कर रही है 400-500 कैटलॉग कंपनी ने इस साल नये तैयार किए। कंपनी द्वारा निर्मित साड़ीज की रेंज की बात करें, तो 200-600 रुपये की रेंज में फैंसी साड़ीज में डिजाइंस की भरमार है। कंपनी अपने व्यापारियों को सोशल मीडिया सर्विसेज भी उपलब्ध कराती है। प्रतिदिन डवलप किए गए कैटलॉग के माध्यम से कंपनी अपने व्यापारियों को अपडेट रखती है।

**KAYAAN PRINTS PVT. LTD**

Corporate Office : F-5723, 3rd Floor, Lift No.6, Raghukul Textile Market, Ring Road, SURAT-02 (Guj.) Ph: 089328 93893, Custumer Care : 99255 59047






### यूनिफॉर्म साड़ीज स्पेशलिस्ट कंपनी

# बंसी फैशन प्रा.लि.


श्री ओम प्रकाश जाजू


श्री सुनील जाजू

**सूरत /** यूनिफॉर्म साड़ीज में श्रेष्ठतम कलेक्शन प्रदाता कंपनी बंसी फैशन प्रा. लि. अन्तरराष्ट्रीय स्तर पर विख्यात कंपनी है। विगत 15 वर्षों से यूनिफॉर्म साड़ीज के उत्पादन में अग्रणी इस कंपनी के डायरेक्टर श्री ओम प्रकाश जाजू एवं श्री सुनील जाजू ने यूनिफॉर्म साड़ीज में श्रेष्ठतम उत्पादन से महिला यूनिफॉर्म सेक्टर में कंपनी को अहम् पहचान दिलाई है। शानदार क्वालिटी एवं आकर्षक डिजाइनिंग की बदौलत बंसी फैशन प्रा. लि. आज यूनिफॉर्म सेगमेंट में फैशन आइकॉन मानी जाती है। अच्छी क्वालिटी के फैब्रिक्स एवं उम्दा डिजाइनिंग इसकी यूनिफॅार्म साड़ियों की खासियत है। वहीं यूनिफॉर्म मैचिंग सूट्स में भी कंपनी का कलेक्शन लाजवाब होता है।

Bansi® fashion pvt. ltd. Uniform Sarees & Suits



3rd floor, Gurukrupa Market, Ring Road, Surat-02, Tel. 2320280
www.bansiuniformsaree.in | bansisaree@yahoo.co.in

### यूनिफॉर्म साड़ीज में विस्तृत रेंज

बंसी फैशन प्रा. लि. 1000 से अधिक डिजाइंस में यूनिफॉर्म साड़ियाँ बनाती है। यूनिफॉर्म सेक्टर में कंपनी डबल ब्लाउज साड़ीज एवं सेंटेड साड़ियाँ खासी चर्चित रहती है। इसी तरह सूट्स में भी कंपनी वाईडेस्ट रेंज बनती है। सेक्टर वाइज बात करें तो स्कूल, होटल, हॉस्पिटल, ज्वेलरी शोरूम, शॉपिंग मॉल, इंडस्ट्रीज, किट्टी पार्टी, कैटरिंग, एयरलाइंस, आंगनवाड़ी सहित हर उस सेक्टर के लिए साड़ियाँ एवं सूट्स बना रही है जहां ड्रेस कोड चलता है। इसके अलावा कंपनी 15 अगस्त, 26 जनवरी एवं मिलिट्री स्पेशल रेंज तथा मेक टू ऑर्डर पर त्वरित डिजाइन डवलप कर माल उपलब्ध करा रही है। कंपनी यूनिफॉर्म लाइन में स्पेशलिस्ट निर्माता के रूतबे को कायम रखते हुए बाजार में नियमित डवलपमेंट एवं विस्तृत प्रॉडक्ट रेंज से अपनी पहचान को अक्षुण बनाए हुए हैं।

### बेजोड़ क्वालिटी एवं आकर्षक डिजाइनिंग

बंसी फैशन प्रा. लि. की साड़ियों की क्वालिटी बेजोड़ और डिजाइनिंग आकर्षक होती है। वही यूनिफॉर्म साड़ियों का यूज डेली बेसिस पर होने के कारण कंपनी फैब्रिक क्वालिटी भी उच्च दर्जे का उपयोग करती है। श्री जाजू ने कहा कि कंपनी द्वारा निर्मित प्रत्येक साड़ी एवं सूट्स हाई क्वालिटी का होने के साथ-साथ स्किन फ्रेंडली, लाइट वेट, फास्ट कलर एवं ज्यादा चलने वाले उत्पाद होते हैं।

### अंतरराष्ट्रीय सेल्स नेटवर्क

बंसी फैशन प्रा. लि. यूनिफॉर्म साड़ीज एवं सूट्स की अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर सप्लाई कर रही है। कंपनी भारत सहित श्रीलंका, मलेशिया, बांग्लादेश, नेपाल आदि देशों में यूनिफॉर्म उत्पाद एक्सपोर्ट कर रही है।

# आर्ट सिल्क साड़ी के प्रसिद्ध निर्माता

# अर्थ फैब्रिक्स

## प्योर सिल्क साड़ीज में पेश की नई रेंज




श्री भावेश बगड़िया

We Believe in Quality & Commitment

सूरत / बनारसी आर्ट सिल्क साड़ी के उत्पादन में अग्रणी कंपनी 'अर्थ फैब्रिक्स' विगत एक दशक से सूरत में कार्यरत है। युवा उद्यमी श्री भावेश बगड़िया के कुशल नेतृत्व में इस कंपनी ने महिलाओं के लिए नए कॉन्सेप्ट पर आधारित वीविंग डिजाइनर साड़ीज के रूप में नई रेंज डवलप की है। आर्ट सिल्क साड़ीज में तो अर्थ फैब्रिक्स सूरत में पायोनियर मानी ही जाती है परंतु अब कंपनी नए-नए अद्वितीय डिजाइंस का भी इनोवेशन कर रही है। मुख्य रूप से वेडिंग एवं पार्टी वियर साड़ीज के क्षेत्र में अर्थ फैब्रिक्स एक जाना-माना नाम बन चुका है। श्री भावेश बगड़िया के अनुसार कंपनी के पास इन-हाउस वीविंग एवं डिजाइनर स्टूडियो है, जिसमें मनचाही आकर्षक डिजाइंस डवलप की जा रही है। श्री बगड़िया ने कहा कि अर्थ फैब्रिक्स के पास यूरोपियन टेक्नोलॉजी से सुसज्जित वीविंग प्लांट है, जिसमें जैकॉर्ड एवं रेपियर लूम्स स्थापित है। बेस्ट क्वालिटी के मल्टीकलर यार्न से वूमन्स फैशन के लिए कंपनी निरंतर डवलपमेंट करते हुए शानदार एवं आकर्षक डिजाइनर साड़ीज का उत्पादन कर रही है।

### फेस्टिव एवं वेडिंग सीजन की जबरदस्त तैयारी

अर्थ फैब्रिक्स आगामी वेडिंग सीजन के लिए साड़ियों में नए डिजाइंस एवं कलर्स लॉञ्च कर चुकी है। दुर्गापूजा, दिवाली की शानदार बिक्री के बाद वेडिंग सीजन के लिए कंपनी ने सैकड़ो नये कैटलॉग लॉञ्च किए। बनारसी आर्ट सिल्क साड़ीज में महारत हासिल कर लेने के बाद अब कंपनी भागलपुरी फैब्रिक्स पर नया इनोवेशन प्रस्तुत करने जा रही है। इस तरह कंपनी जरी एवं सिल्क यार्न से निर्मित बनारसी साड़ी, सिल्क साड़ीज एवं भागलपुर फैब्रिक्स से नई रेंज तैयार की है।

### शानदार क्वालिटी : रेट्स रीजनेबल

आर्ट सिल्क साड़ीज की रेट्स अमूमन रेग्युलर साड़ियों से ज्यादा ही होती है परंतु अर्थ फैब्रिक्स में फैशन पसन्द महिलाओं के लिए बनारसी आर्ट सिल्क साड़ी को अफोर्डेबल रेंज में बनाना शुरू किया। हर सीजन की एडवांस तैयारी एवं नए इनोवेशन की वजह से अर्थ फैब्रिक्स की साड़ीज का कलेक्शन भी अद्भुत एवं आकर्षक होता है। 1500 - 3500 रुपए की रेंज में कंपनी आकर्षक डिजाइनर साड़ीज का विशाल कलेक्शन इन-हाउस तैयार करती है। सभी तरह की साड़ीज के लिए कंपनी सालाना 400-500 कैटलॉग तैयार करती है।

Happy Diwali

EARTH FABRICS

**OFFICE:** F-2305-2306, Upper Ground, Millenium Textile Market, Ring Road, Surat 395 002. (Gujarat) INDIA Tel: +91 98254 24890

**FACTORY:** 318-319-320, Anjani Industrial Estate Part 1 Sayan Road, Gothan, Surat 394 130 (Gujarat) INDIA

E-mail: earthfabrics1@gmail.com



# सालों बाद दीपावली पर रिकॉर्ड कारोबार

## -श्री धनराज नागपाल

**सूरत/** विगत दो माह से देश की सबसे बड़ी कपड़ा मंडी सूरत में ग्राहकी की रंगत जमी हुई है। देशभर से कपड़ा व्यापारी खरीदी करने पहुंच रहे हैं। फैंसी साड़ियों में व्यापारियों ने नये क्रिएशन को ज्यादा पसंद किया, वहीं लहंगो में हैवी मीडियम रेंज के माल में रूचि दिखाई पर अभी भी ग्राहकी का दौर अभी भी निरंतर जारी है। दीपावली पश्चात् आने वाले वैवाहिक सीजन के लिए होलसेल व्यापारी दोबारा सूरत का रूख करने लगे हैं। यह विचार व्यक्त करते हुए सूरत के प्रतिष्ठित एजेंट स्वास्तिक इंटरप्राइजेज के श्री धनराज नागपाल ने बाजार परिचर्चा के दौरान कहा कि सालों बाद सूरत में त्योहारी सीजन की खुलकर ग्राहकी निकली है। कपड़ा व्यापारियों के जोश ने इस बार मंदी को तेजी में बदल दिया है। कपड़े की सभी किस्मों में सूरत की परफॉर्मेंस इस बार जोरदार रही है। जिन सप्लायर्स ने सीजन की एडवांस तैयारी कर रखी थी, उन्होंने दुर्गा पूजा एवं दीपावली के सीजन में रिकॉर्ड बिक्री की है। फैंसी साड़ियों में नए फैब्रिक पर प्रिंट डिजाइंस एवं क्रिएशन को व्यापारियों ने ज्यादा पसंद किया है। अब रिटेल बाजार में ग्राहकी चलने से व्यापारी वेडिंग सीजन की पुनः खरीदी के लिए पहुंचने लगे हैं। इससे आगामी सीजन में बिक्री के नए रिकॉर्ड बनने की संभावना है।

**हैवी मीडियम रेंज की साड़ियों एवं लहंगों में नए क्रिएशन की अच्छी मांग**

### जैसी तैयारी, वैसी बिक्री

इस बार दीपावली का त्योहार न सिर्फ सूरत मंडी बल्कि पूरे देश के कपड़ा व्यवसायियों के लिए सौगात लेकर आया है। काफी टाइम से टेक्सटाइल सेक्टर में अच्छी ग्राहकी की दरकार थी, जो इस सीजन में आकर पूरी हुई है। सूरत के जिन सप्लायर्स ने सीजन की जमकर तैयारी की तथा नए क्रिएशन के लिए मेहनत की उन्होंने अच्छी बिक्री दर्ज की है। जिन्होंने ग्राहको की मांग के अनुसार माल तैयार किया, वे मंदी को तेजी में बदल चुके हैं, हालांकि तैयारी अच्छी होने के बावजूद अच्छे माल की शॉर्टेज बनी हुई।

### वेडिंग सीजन की रौनक

दीपावली रिकॉर्ड कारोबार के बाद सूरत के कपड़ा कारोबारी अब वेडिंग सीजन के लिए नए-नए डवलपमेंट पेश कर रहे हैं। साड़ियों में जहां 200 से 5000 रुपए एवं लहंगों में 500 से 25000 रुपए तक की रेंज में अच्छी ग्राहकी है। श्री धनराज नागपाल ने कहा कि इस समय सप्लायर्स में जहाँ नया माल बनाने की होड़ मची हुई है। वहीं व्यापारियों में खरीदी का जबरदस्त जोश देखा जा रहा है। नवरात्रि से रिटेल में अच्छी ग्राहकी निकलने से होलसेल कपड़ा कारोबारी वेडिंग सीजन की जमकर खरीदी कर रहे हैं।

### B2B ट्रेड फेयर्स एवं एग्जीबिशन बिजनेस प्रमोशन के लिए जरूरी प्लेटफॉर्म

श्री धनराज नागपाल ने B2B ट्रेड फेयर्स एवं एग्जीबिशन को टेक्सटाइल ट्रेड के लिए लाभदायक बताया है उन्होंने कहा कि एग्जीबिशन में व्यापारियों को एक ही छत के नीचे अलग-अलग उत्पादों को परखने का मौका मिलता है साथ ही ट्रेंडिंग फैशन प्रॉडक्ट की भी जानकारी मिलती है। व्यापारियों एवं सप्लायर्स के बीच संबंध प्रगाढ़ बनते हैं, जिन सप्लायर्स को मार्केट विस्तार करना है उन्हें नए व्यापारी मिल जाते हैं। इसलिए मेरी राय में टेक्सटाइल ट्रेड में बिजनेस कॉन्फ्रेंस और एग्जीबिशन का आयोजन होते रहना चाहिए।

Swastik Enterprises

स्वास्तिक परिवार की ओर से देश के समस्त कपड़ा व्यापारियों को दीपावली की हार्दिक बधाइयां




## एक्सक्लूसिव यूनिफॉर्म साड़ीज एवं सूट्स के उत्पादन में अग्रणी

# सतीश सिल्क मिल्स


श्री सतीश अग्रवाल


श्री रूषभ अग्रवाल

**सूरत /** विगत 40 वर्षों से महिलाओं के यूनिफॉर्म ड्रेस के लिए एक्सक्लूसिव प्रिण्टेड एवं प्लेन साड़ीज के उत्पादन में सिद्धहस्त कंपनी सतीश सिल्क मिल्स यूनिफॉर्म सेक्टर द्वारा श्रेष्ठ विकल्प के तौर पर चुनी जाती है। उद्यमी श्री किरोड़ी लाल अग्रवाल ने यूनिफॉर्म साड़ीज के उत्पादन से इस कंपनी की शुरूआत की थी। क्वालिटी उत्पादन से सफलता का मार्ग प्रशस्त करते हुए इन्होंने कंपनी को नई दिशा दी। तदुपरांत इनके सुपुत्र श्री सतीश अग्रवाल एवं सुपोत्र श्री रूषभ अग्रवाल के नेतृत्व में सतीश सिल्क मिल्स द्वारा महिलाओं के लिए **सतीश** एवं **गुड फील** ब्राण्डनेम से यूनिफॉर्म साड़ीज एवं मैचिंग सूट्स का वृहद स्तर पर उत्पादन किया जा रहा है।

### यूनिफॉर्म साड़ीज एवं सूट्स में भरपूर वैरायटी

सतीश सिल्क मिल्स महिलाओं के लिए हर तरह के ड्रेस कोड के लिए प्लेन साड़ीज की विशाल रेंज मेन्टेन करती है। वहीं प्रिण्टेड एवं मैचिंग सूट्स में भी कंपनी बड़ी रेंज मेन्टेन करती है। कंपनी सतीश एवं गुडफील ब्राण्डनेम से सैंकड़ों डिजाइंस में प्रिण्टेड साड़ीज एवं सूट्स बनाती है। विगत 20 वर्षों से कंपनी के कामकाज में अहम् भूमिका निभा रहे श्री रूषभ अग्रवाल ने कहा कि जहाँ भी महिलाओं के लिए यूनिफॉर्म ड्रेस लागू है उनके लिए सतीश सिल्क मिल्स साड़ीज एवं सूट्स में भरपूर रेंज उपलब्ध करा रही है। ऑफिस वियर, होटल, हॉस्पिटल, स्कूल, कॉलेज, सरकारी एवं गैर-सरकारी संस्थानों के लिए प्रिण्टेड यूनिफॉर्म साड़ीज तथा स्वतंत्रता दिवस एवं गणतंत्र दिवस के लिए कंपनी प्लेन साड़ीज में विशेष रेंज ऑफर करती है।

### बेजोड़ क्वालिटी एवं डिजाइनिंग

यूनिफॉर्म साड़ियों की बात हो तो कलर कॉम्बीनेशन एवं मैचिंग का होना बहुत जरूरी हो जाता है। सतीश सिल्क मिल्स की महारथ भी ड्रेसकोड मैचिंग में ही है। कंपनी सालभर यूनिफॉर्म सेक्टर के लिए नये-नये कैटलॉग जारी करती रहती है जिसमें ढेरों विकल्प दर्शाए गए है। श्री रूषभ अग्रवाल के अनुसार कंपनी टॉप टू बॉटम रेट्स में भरपूर रेंज उपलब्ध कराती है। सभी डिजाइंस में भरपूर स्टॉक मेन्टेन करती है वहीं एज पर ऑर्डर भी कंपनी त्वरित डिजाइन डवलप कर माल उपलब्ध कराती है। कंपनी होलसेल एवं रिटेल दोनों ही चैनल में माल उपलब्ध करा रही है। साथ ही ग्राहक कंपनी से माल खरीदने के लिए ऑनलाइन विकल्प भी चुन सकते है।




Satish® SILK MILLS

Manufacturer of Uniform Sarees & White Sarees

A-2,IInd Floor, 2007, Regent Textile Market, Ring Road, SURAT-2
Tel. 0261-2323253, Mob. 98251 22634, 98251 24466
Email-satishsilkmills@gmail.com

# देव प्रयाग सुरेश कुमार एण्ड कंपनी द्वारा आयोजित फैशन फियस्टा-2023 सेल्स कॉन्फ्रेंस अभूतपूर्व सफल

## पॉपुलर मेंस एवं वूमेंस वियर ब्राण्ड्स ने किया आकर्षक डिस्प्ले : रिटेल व्यापारियों ने की जमकर खरीदी















**गोरखपुर/ उत्तर प्रदेश राज्य के पूर्वांचल क्षेत्र में होलसेल कपड़ा व्यवसाय में अग्रणी संस्थान 'देव प्रयाग सुरेश कुमार एंड कंपनी' (DPSK) ने विगत दिनों फाइव स्टार होटल रेडिसन ब्लू में फेस्टिव सीजन के लिए एक शानदार Fashion Fiesta-2023 बिजनेस कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया, जिसमें राज्य के रिटेल व्यापारियों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया तथा जमकर खरीदी की। त्योहारी सीजन की एडवांस तैयारी के लिए आयोजित इस कॉन्फ्रेंस में DPSK द्वारा बहुत अच्छी तैयारी के साथ देश के जाने माने मेंस एवं वूमेंस वियर की आकर्षक प्रदर्शनी लगाई गई। जिसमें सूरत, मुंबई, भीलवाड़ा आदि उत्पादक मंडियों के पॉपुलर ब्राण्ड्स ने अपनी बेहतरीन फेस्टिव रेंज का डिस्प्ले किया। कॉन्फ्रेंस में फैंसी साड़ीज, डिजाइनर लहंगे, सूट्स आदि फैशनेबल परिधानों के नामचीन निर्माताओं सहित प्रतिष्ठित सूटिंग-शर्टिंग ब्राण्ड्स की ओर से लाजवाब डिस्प्ले एवं बुकिंग की गई। कई ब्राण्डेड कंपनीज ने कॉन्फ्रेंस में आकर्षक स्कीम्स के साथ बुकिंग की, जिसका सीधा फायदा रिटेल व्यापारियों को हुआ। कॉन्फ्रेंस में लक्की ड्रॉ के माध्यम से व्यापारियों को आकर्षक उपहार भी प्रदान किए गए।**

### कॉन्फ्रेंस की सफलता पर DPSK परिवार ने जताया आभार

FASHION FIESTA कॉन्फ्रेंस की अभूतपूर्व सफलता पर मेजबान देव प्रयाग सुरेश कुमार एंड कंपनी के दोनों युवा संचालक श्री श्याम गोयल एवं श्री मनीष गोयल ने सभी व्यापारियों एवं सप्लायर्स के प्रति आभार जताते हुए कहा कि, सभी सप्लायर्स बहुत अच्छी तैयारी के साथ आए। फेस्टिव सीजन के लिए बहुत ही बेहतरीन रेंज का डिस्प्ले कर रिकॉर्ड बिक्री की, वहीं खुदरा व्यापारियों ने दिल खोलकर खरीदी की। जिसके लिए हम सभी का धन्यवाद करते है।

### देव प्रयाग सुरेश कुमार एण्ड कंपनी- एक परिचय

होलसेल वस्त्र व्यवसाय में संलग्न देव प्रयाग सुरेश कुमार एंड कम्पनी उत्तर प्रदेश राज्य का प्रतिष्ठित होलसेल कपड़ा संस्थान है, जिसकी स्थापना सन् 1975 में श्री देव प्रयाग गोयल द्वारा की गई थी। ईमानदारी एवं कठिन मेहनत से श्री गोयल ने शुरू से ही ब्राण्डेड मिलों के काम को प्राथमिकता देते हुए रीजनेबल रेट्स में कपड़ों की उपलब्धता सुनिश्चित की, जिसके चलते पूर्वांचल क्षेत्र के व्यापारियों में देव प्रयाग सुरेश कुमार के प्रति भरोसा बढ़ता गया और व्यापार का दायरा विस्तृत होता गया। संस्थान के कामकाज में सहयोगी रहे श्री गोयल के युवा सुपुत्र श्री श्याम गोयल, श्री मनीष गोयल ने अपने मधुर व्यवहार एवं व्यावसायिक कुशलता से व्यापार का विस्तार किया। व्यापार को योजनाबद्ध तरीके से आगे बढ़ाते हुए इन्होंने फैशनेबल एवं स्टाइलिश ब्राण्ड्स के परिधान एक ही छत के नीचे उपलब्ध कराने की सोच के साथ व्यवसाय को नई दिशा दी। आज युवा इनके संचालन में देव प्रयाग सुरेश कुमार एंड कंपनी पर ब्राण्डेड सूटिंग-शर्टिंग, फैंसी डिजाइनर साड़ीज, लहंगे, लेडीज सूट्स, पोपलिन, ड्रेस मटीरियल का काम बड़े पैमाने पर किया जा रहा है। मेंस एवं वूमेंस वियर के लिए बेहतरीन फैशन ब्राण्ड्स के फैब्रिक्स एवं परिधानों की वाजिब दरों पर उपलब्धता के लक्ष्य के साथ श्री गोयल बाजार में प्रचलित ट्रेंड्स एवं मांग अनुसार खरीदी एवं बिक्री के संयोजन में माहिर व्यापारी है।

DPSK DEO PRYAAG SURESH KUMAR AND CO.



**पूर्वांचल-यूपी के मशहूर होलसेल संस्थान देव प्रयाग सुरेश कुमार एण्ड कंपनी - DPSK** की पूरी टीम को FASHION FIESTA बुकिंग कॉन्फ्रेंस के सफल आयोजन के लिए हार्दिक बधाइयाँ। सप्लायर्स ने कड़ी मेहनत से नए उत्पादों का बहुत ही बेहतरीन प्रदर्शन किया, खासतौर से सूरत के निर्माताओं ने आगामी फेस्टिव एवं वेडिंग सीजन के लिए नए-नए उत्पाद पेश किए, जिसके लिए सभी सप्लायर्स का आभार। साथ ही बड़ी संख्या में पधारे व्यापारियों ने जिस तरह खुल कर परिधानों की खरीदी की उसके लिए FASHION FIESTA उत्सव में पधारे सभी व्यापारियों का भी हम धन्यवाद ज्ञापित करते हैं। DPSK के ऑनर श्री श्याम गोयल एवं श्री मनीष गोयल के बेहतरीन मैनेजमेंट एवं पूरी टीम की सहभागिता से एक बहुत ही शानदार आयोजन संपन्न हुआ। जिसके लिए मैं आप सभी को बेहतरीन आयोजन के लिए पुनः बधाई देता हूँ। आप भविष्य में भी इस तरह के सफल आयोजन करते रहें तथा आपकी बेहतरीन सेवाओं का सबको लाभ मिलता रहे, इन्हीं शुभकामनाओं के साथ.....

शुभेच्छु,

**धनराज नागपाल, स्वास्तिक एंटरप्राइजेज, सूरत**

Siyaram's | TRESCA Arvind | SRS SUITINGS | SHREE VISHNU | Vishal | SUBHASH | LIFESTYLE SILK & SAREES | Jagdamba | KAYAAN | Satvachan SAREES | Kala Shree | SUDESH | Nishchay SAREES | Ganesh | RONIX FASHION LLP | Sanchhi | SAMBHAV SAREE | Paridhan SILK MILLS | Mandir | Kala Bandhan | KEJRIWAL SAREES | Anika NX | Radha Fashion | Maham CREATIONS | GURU वाणी | KANYADAN | R. K. SAREES | ABHIVADAN Fashion | SAKHI TRENDZ | New Era Suits | Noor | Bajaj | S.S. Designer Suit | ALEKHA

















7 से 21 नवम्बर 2023

# टेक्सटाइल वर्ल्ड

Delhi Textile Trade Edition

Prepared by
SATYA PRAKASH
M.: 98282 49064


## मेन्स फैशन में अग्रणी ब्राण्ड ARVIND की प्रमुख मार्केटिंग एजेंसीज

# कृष्णा एंटरप्राइजेज | रजनी एंटरप्राइजेज

## उत्तर भारत में सप्लाई के लिए अधिकृत वितरक फर्म्स

**दिल्ली/** लोकप्रिय मेन्स वियर फैब्रिक ब्राण्ड्स की मार्केटिंग के लिए मशहूर एजेंसी फर्म्स कृष्णा एंटरप्राइजेज / रजनी एंटरप्राइजेज स्थानीय मण्डी ही नहीं अपितु पूरे उत्तर भारत के कपड़ा कारोबार में प्रतिष्ठित नाम है। फर्म्स के संचालक श्री हंसराज गौतम टेक्सटाइल सेक्टर में संतोषप्रद सेवाओं एवं प्रभावी मार्केटिंग स्ट्रेटेजी के लिए जाने जाते हैं। लेटेस्ट फैशन एवं ट्रेण्ड्स के अनुरूप फैब्रिक्स बनाने वाले ब्राण्ड्स की रीजनेबल रेट्स में सप्लाई कराने में माहिर श्री गौतम ने अपने मधुर व्यवहार एवं व्यावसायिक कुशलता से उत्तर भारत में सशक्त सेल्स नेटवर्क स्थापित किया है। भारत के टॉप फैशन फैब्रिक ब्राण्ड की वाजिब दरों में उपलब्धता सुनिश्चित करना एवं मार्केट में अपने अमूल्य ग्राहकों को बेस्ट सर्विस प्रदान करना इनकी शुरू से ही कार्यशैली रही है। श्री हंसराज गौतम इस समय प्रतिष्ठित मेन्स वियर फैब्रिक्स ब्राण्ड Arvind, Agathe Suitings, Tresca के सुपर प्रीमियम फैब्रिक्स की दिल्ली, पंजाब, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, जम्मू-कश्मीर एवं पश्चिमी उत्तरप्रदेश की कपड़ा मण्डियों में आपूर्ति करवा रहे हैं। उत्तर भारत में फैले अपने विशाल नेटवर्क में प्रतिबद्धता के साथ सर्वोपरि सेवाएँ प्रदान कर रहे हैं।

### बेस्ट मेन्स फैशन फैब्रिक ब्राण्ड ARVIND –श्री हंसराज गौतम



श्री हंसराज गौतम ने कहा कि मेन्स फैशन के प्रति समर्पित अरविंद ब्राण्ड की फेन फ्लोइंग काफी बड़ी है। जितनी बड़ी इसकी रेंज है, उतना ही बड़ा इसका नेटवर्क भी है। लेटेस्ट फैशन ट्रेण्ड्स के अनुरूप फैब्रिक्स में विस्तृत रेंज प्रदाता 'अरविंद' की प्यॉर कॉटन, पीसी, कॉटन लिनन, प्यॉर लिनन फैब्रिक्स के अलावा AGATHE SUITINGS ब्राण्ड के तहत टीआर, कॉटन, डेनिम, पीवी, कॉर्डरॉय, एथनिक फैब्रिक्स, सफारी, कॉम्बो जैसी सभी तरह की रेंज में अच्छी बिक्री हो रही है, वहीं TRESCA ब्राण्ड के अन्तर्गत कॉटन शर्टिंग, टीआर एवं टेरीवूल सूटिंग में भी अच्छा व्यवसाय हो रहा है। श्री गौतम ने चर्चा के दौरान बताया कि अरविंद हर भारतीय की पसंद पर खरा उतरने वाला ब्राण्ड है। इसकी शानदार क्वालिटी, आकर्षक डिजाइनिंग एवं लेटेस्ट फैशन ट्रेण्ड्स के अनुरूप तैयार अद्वितीय रेंज ग्राहकों को आकर्षित करने में सक्षम है। उन्होंने कहा कि अरविंद एक कम्पलीट मेन्स फैशन ब्राण्ड है जिनमें जहाँ प्रीमियम कॉटन, पीसी, लिनन फैब्रिक्स में वाइडेस्ट रेंज सहित है। लग्जुरियस फैशन फैब्रिक्स में AGATHE SUITINGS एवं TRESCA ब्राण्ड में टेरीवूल, हाई वैल्यू शर्टिंग फैब्रिक्स एवं एथनिक फैब्रिक्स में व्यापक रेंज आती है। 'अरविन्द' में मेन्स वार्डरॉब के लिए सब कुछ है, जो हर फैशन पसंद व्यक्ति की जरूरत होती है।

**न्यू लॉञ्चिंग-** अरविंद लि. की ओर से मेन्स फैशन के लिए EUVANTE नाम से लग्जरी टेरीवूल फैब्रिक ब्राण्ड लॉञ्च किया गया है। जिसमें डिफरेंट कलर्स एवं डिजाइंस में फाइनेस्ट कलेक्शन तैयार किया जा रहा है। वहीं एथनिक फैब्रिक्स में भी नई रेंज पेश की है। इम्पोर्टेड फाल फील वाली स्पन शर्टिंग रेंज भी अरविंद की नई पेशकश है।

Euvanté
Fine European Worsteds

**होलसेल एवं रिटेल कॉन्फ्रेंसेज का सफल आयोजन-** अरविंद लि. की ओर से सुपर प्रीमियम शर्टिंग ब्राण्ड TRESCA के लिए वियतनाम में भव्य रिटेल कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया। वहीं होलसेल चैनल के लिए बाकू में सफल होलसेल बिजनेस मीट आयोजित की गई। दोनों कॉन्फ्रेंसेज काफी सफल रही।

Arvind
FASHIONING POSSIBILITIES

AGATHE
SUITINGS
essence of elegance

TRESCA
PREMIUM FABRICS
by Arvind

Authorised Agencies for
Delhi, Punjab, Haryana, Himachal Pradesh, Western Uttar Pradesh, Jammu & Kashmir

KRISHNA ENTERPRISES / RAJNI ENTERPRISES
Office: 507, 1st Floor, Haveli Haider Quili, Chandni Chowk, DELHI - 110006
Ph.: 011 43557405, 43588268, Mob: 098103 25298 E-mail: hrg_56@yahoo.com






## फैशनेबल मेन्स वियर फैब्रिक ब्राण्ड्स की जानी-मानी मार्केटिंग फर्म

# MARWAH AGENCIES

**दिल्ली/ विगत 4 दशक से टेक्सटाइल व्यवसाय में संलग्न फर्म मारवाह एजेंसीज फैशनेबल एवं स्टाइलिश मेन्स वियर फैब्रिक ब्राण्ड्स की मार्केटिंग में अग्रणी भूमिका निभा रही है। मशहूर टेक्सटाइल एजेंट स्व. श्री डी.एस. रावत द्वारा स्थापित इस एजेन्सी का संचालन इनके युवा सुपुत्र श्री रघु रावत कर रहे हैं। ये अपने पिताजी द्वारा स्थापित मूल्यों एवं आदर्शों का पालन करते हुए मेहनत, लगन एवं ईमानदारी से कपड़ा व्यवसाय में सक्रिय हैं। मृदुभाषी एवं सरल स्वभाव के धनी श्री रघु रावत दिल्ली–एनसीआर के वस्त्र व्यापार क्षेत्र में अच्छी पहचान रखते हैं। श्री रावत ने कहा कि मेन्स वियर सेगमेण्ट में फैशनेबल ब्राण्ड्स की मार्केटिंग करना हमारी फर्म का शुरू से ध्येय रहा है, बाजार में ट्रेण्डिंग ब्राण्ड की प्रभावी मार्केटिंग तथा टॉप ट्रेडर्स के साथ प्रगाढ़ व्यापारिक सम्बंध हमारी सबसे बड़ी पूंजी है। वर्तमान में एजेंसी द्वारा रिलायंस इण्डस्ट्रीज लि. के मशहूर मेन्स फैशन फैब्रिक ब्राण्ड जोर्जियो गुलिनी, ओनली विमल एवं डोनियर टेक्सो टीआर (RMG Fabrics) का काम किया जा रहा है।**




Authorised Agent
OUR WORK IS OUR IDENTITY
MARWAH AGENCIES
601, 3rd floor, Gali Ghanteshwar, Katra Neel, Chandni Chowk, Delhi-06
Mob- 99998 54177, Ph: 011 49052643, marwahagencies@gmail.com

### सुपर प्रीमियम मेन्स वियर फैब्रिक ब्राण्ड जॉर्जियो गुलिनी

जॉर्जिया गुलिनी प्रीमियम सूटिंग फैब्रिक की अपनी अनुकरणीय श्रृंखला के साथ बेहतरीन इटालियन फैशन विरासत को प्रकाश में लाती है। उच्च गुणवत्ता वाले ऊन और मिश्रणों का उपयोग करके तैयार किया गया जॉर्जिया गुलिनी एलिगेंस, ब्यूटी और परफेक्शन में इटालियन भाव को दर्शाता है। इसका फैशन फैब्रिक्स वास्तविक सोफिस्टिकेशन, चिक और ग्रेस से परिचित करवाता है। इटालियन फैशन इटालियन डिजाइनरों की पारंपरिक शैली के साथ स्टाइल और कैरेक्टर को बढ़ाता है।

**RE DELLA MODA** सुपर 160 का मेरिनो वूल ब्लेंड और सुपर 180 का मेरिनो वूल ब्लेंड, यह जॉर्जिया गुलिनी का एक उत्कृष्ट संग्रह है। यह बेहतरीन शुद्ध ऊन से विशेष रूप से इटली में बनाया गया है। यह हर मौसम के रंगों का सबसे अलौकिक मिश्रण है, जो महत्वपूर्ण अवसरों पर पहने जाने वाले टेक्सचर्स के साथ है। हम आपसे आग्रह करते हैं कि प्रतीक्षा न करें क्योंकि असीमित शैली का यह कपड़ा सीमित संस्करणों में उपलब्ध है।

**OPULENT** कलेक्शन फाइनेस्ट, अतुलनीय आराम, कोमलता, उत्कृष्ट चमक और स्थायित्व प्रदान करता है। दुर्लभ अल्ट्राफाइन मेरिनो वूल से निर्मित, यह बाजार में अन्य सुपर 130 के साथ प्रतिस्पर्धा करने के लिए काफी अच्छा है। Opulent P/W -50/50 में उपलब्ध है। यह एक व्यापक चयन है, जिसमें नीटली सलेक्टेड स्ट्राइप्स के साथ फॉर्मल क्लासिक्स शामिल हैं, जो इसे सभी अवसरों के लिए आदर्श विकल्प बनाता है।

**जॉर्जियो गुलिनी द्वारा सम्मानित...** मारवाह एजेंसीज विगत 10 वर्षों से 'जोर्जियो गुलिनी' के एजेंसी पार्टनर के रूप में दिल्ली एवं वेस्टर्न यूपी में इसके बेहतरीन फैब्रिक्स की आपूर्ति की जा रही है। विपणन के लिए अधिकृत है। इस एक दशक में श्री रघु रावत ने अपनी कुशलता से जोर्जियों गुलिनी का सुदृढ़ सेल्स नेटवर्क बनाया है। विगत दिनों जोर्जियो गुलिनी द्वारा बाकू (अजरबेजान) में आयोजित बिजनेस कॉन्फ्रेंस के दौरान वित्तीय वर्ष 2022-23 में सर्वाधिक सेल के लिए तृतीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

### बाजार में अच्छी क्वालिटी एवं नए डवलपमेंट की मांग -श्री रघु रावत



बाजार में लग्न की ग्राहकी जोर पकड़ती जा रही है। वर्स्टेड सूटिंग में जॉर्जियों गुलिनी जैसे अग्रणी एवं इनोवेटिव ब्राण्ड के उत्पादों में अच्छा काम हो रहा है और इनकी सभी रेंज को ग्राहकों का अच्छा समर्थन मिल रहा है। ओनली विमल के गिफ्टिंग कलेक्शन की बाजार में लगातार सेल बढ़ रही है, जो ब्राण्ड्स समय समय पर नए इनोवेशंस करते रहते हैं, उनकी पकड़ बाजार में मजबूत है। हमारे हिसाब से किसी भी ब्राण्ड की सफलता के लिए क्वालिटी के साथ मार्केटिंग भी जरूरी हो गई है इसलिए मारवाह एजेंसीज उत्तर भारत में सोच समझकर उन ब्राण्ड्स का काम करता है, जिनका बाजार में सबसे ज्यादा गुणगान होता है और जिनके फैब्रिक्स की क्वालिटी एवं फिनिश सर्वश्रेष्ठ होती है।

ONLY VIMAL

**हर अवसर के लिए खास ओनली विमल...** अपनी भावनाओं व्यक्त करने के लिए उपहार देना हमेशा एक बहुत ही महत्वपूर्ण अवसर रहा है। ओनली विमल अपने ONLY VIMAL GIFTING COLLECTION के साथ अपने प्रियजनों को स्टाइल और पैनकेक में तैयार करने में आपकी मदद करता है। चाहे वह विवाह, जन्मदिन, वर्षगाँठ, सम्मान समारोह या अन्य व्यक्ति गत या कॉर्पोरेट अवसरों के लिए हो, केवल विमल गिफ्टिंग विशेष रूप से पैक किए गए निम्न उत्पादों की एक विस्तृत विविधता प्रस्तुत करता है: Combi Packs with matching shirt and trouser lengths, Shirt lengths, Trouser lengths, Safari lengths, Suiting lengths. वहीं फैंसी सूटिंग्स में बेहद लोकप्रिय पॉलिएस्टर विस्कोस सूटिंग की एक प्रभावशाली किस्म बड़ी संख्या में रंगों, बुनाई और बनावट में उपलब्ध है। इसमें फाइन वूल टच, पॉलीरिच कलेक्शन और 'ब्लॉकबस्टर' कलेक्शन शामिल हैं।

DONEAR

**डोनियर टेक्सो टीआर...** श्री रघु रावत के अनुसार गारमेण्ट सेक्टर में धीरे-धीरे मांग में सुधार हो रहा है। हमारे पास गारमेण्ट सेक्टर के लिए डोनियर इण्डस्ट्रीज लि. या डोनियर टेक्सो टीआर ब्राण्ड है, जिसकी हम सालों से मार्केटिंग कर रहे है। इस समय गारमेण्ट सेक्टर में डोनियर के RMG Fabrics की मांग अच्छी बनी हुई है।

# प्रसिद्ध मेन्स वियर फैब्रिक्स ब्राण्ड Raymond का सबसे पुराना होलसेल प्रतिष्ठान मोहिंद्रा क्लॉथ हाउस


श्री शमिंदर सिंह

दिल्ली / विश्व प्रसिद्ध मेन्स वीयर फैब्रिक ब्राण्ड रेमण्ड सूटिंग-शर्टिंग के अधिकृत होलसेल डिस्ट्रीब्यूटर 'मोहिंद्रा क्लॉथ हाउस' 1960 से कपड़ा व्यवसाय में कार्यरत है। कुशल वस्त्र व्यापारी श्री शमिंदर सिंह के नेतृत्व में संचालित यह संस्थान दिल्ली में रेमण्ड की होलसेल बिक्री में सबसे पुराना एवं प्रतिष्ठित नाम है। मेंस फैशन क्षेत्र में सबसे भरोसेमंद ब्राण्ड रेमण्ड सूटिंग-शर्टिंग की रीजनेबल रेट्स में उपलब्धता के लिए मशहूर 'मोहिंद्रा क्लॉथ हाउस' पर लेटेस्ट फैशन एवं ट्रेण्ड्स के अनुरूप रेमण्ड के कपड़े की भरपूर उपलब्धता रहती है। विगत 7 दशक से क्वालिटी एवं गुणवत्तापरक फैब्रिक विक्रय के उसूलों पर कायम रहते हुए वस्त्र व्यापार क्षेत्र में अपनी पहचान को अब तक अक्षुण बनाए रखा है। श्री शमिन्दर सिंह ने कहा कि रेमण्ड एक फैशन ओरियंटेड ब्राण्ड है, जो सालों से फैशन लवर्स के दिलों पर राज कर रहा है।

श्री शमिंदर सिंह ने कहा कि फैशन के इस दौर में ग्राहक हर नई चीज के प्रति आकर्षित होता है। रेमण्ड ने भी अपनी नियमित पोलीवूल रेंज के साथ टी आर एवं लाइट वूल रेंज बाजार में पेश की, जिसे सुपर रिस्पोंस मिल रहा है, वहीं लाइक्रा, कॉटन शर्टिंग में चेक्स, स्ट्राइप्स एवं प्रिंट डिजाइंस में निर्मित शर्टिंग की बंपर सेल है। इसके अलावा रेमण्ड द्वारा एथनिक फैब्रिक्स में नई रेंज सेरेमोनियल कलेक्शन की जबरदस्त मांग है। शेरवानी एवं जेकेट्स के लिए यह कलेक्शन अच्छी चॉइस है। ओवरऑल रेमण्ड सूटिंग शर्टिंग में इस समय फैंसी टीआर सूटिंग, लाइट वूल सूटिंग एवं ट्विड में ब्राइट कलर एवं शर्टिंग में बड़े एवं मल्टीपल चेक्स, प्लेन कलर्स की अच्छी मांग है।

## मेन रोड़ पर नये स्टोर का शुभारंभ

मोहिन्द्रा क्लॉथ हाउस द्वारा हाल ही चांदनी चौक मैन रोड़ पर मॉडर्न फैशन स्टोर ऑपन किया गया है। जहां पर ग्राहकों के लिए रेमण्ड के अलावा प्रीमियम मेन्स वियर ब्राण्ड अरविंद, वर्सेली, कडिनी आदि मेन्स वियर ब्राण्ड्स का फेशन फैब्रिक्स वाजिब दरों में उपलब्ध कराया गया है। स्टोर पर मेन्स वियर के लिए रेमण्ड के सूटलेन्थ, इम्पोर्टेड फैब्रिक्स में भरपूर रेंज रखी जा रही है। आगामी विण्टर एवं वैडिंग सीजन के हिसाब से फाइनेस्ट वूल सूटिंग, कॉटन लाइक्रा व शर्टिंग में लेटेस्ट डिजाइंस, एथनिक फैब्रिक्स एवं ट्विड फैब्रिक्स में संस्थान पर एकदम फ्रेश कलेक्शन वाजिब रेट्स में उपलब्ध कराये गये है। श्री सिंह ने कहा कि हमने अपने अच्छे कस्टमर्स को प्रीमियम फैब्रिक्स के साथ बेहतर सर्विस प्रदान करने के लिए यह स्टोर ऑपन किया है।

## वेडिंग सीजन से अच्छी उम्मीद

श्री सिंह ने कहा कि बाजार में दीपावली के पश्चात् वैवाहिक सीजन के चलते ग्राहकी अच्छे चलने की उम्मीद है। नवंबर से शादियों का सीजन स्टार्ट हो रहा है, जो जुलाई माह तक चलेगा। वैसे काफी सालों से बाजार में ट्रेंड भी है कि फेस्टिव सीजन से ज्यादा वैडिंग सीजन में ग्राहकी उच्चतम स्तर पर होती है, इसलिए मेरा मानना है कि दीपावली पश्चात् फैशन ओरिएंटेड फैब्रिक्स की बाजार में अच्छी मांग निकलेगी।






# ब्राण्डेड लेडीज ड्रेस मटीरियल के प्रसिद्ध होलसेलर नारायण ट्रेडिंग कंपनी

उत्तर भारत का सबसे बड़ा होलसेल संस्थान


श्री धनप्रकाश गुप्ता


श्री नारायण गुप्ता

दिल्ली / उत्तर भारत की प्रमुख होलसेल कपड़ा मंडी दिल्ली स्थित 'नारायण ट्रेडिंग कंपनी' ब्राण्डेड लेडीज ड्रेस मटीरियल का प्रमुख होलसेल संस्थान है। सन् 1978 से कपड़ा व्यवसाय में संलग्न यह संस्थान लेडीज फैशन के लिए फैंसी फैब्रिक्स भरपूर रेंज उपलब्ध करा रहा है। अनुभवी वस्त्र व्यापारी श्री धनप्रकाश गुप्ता एवं श्री नारायण गुप्ता के कुशल नेतृत्व में संस्थान पूरे भारत में ब्राण्डेड मिलों के फैंसी ड्रेस मटीरियल की बड़े पैमाने पर आपूर्ति कर रहा है। नारायण ट्रेडिंग कंपनी के कामकाज में श्री गुप्ता के युवा सुपुत्र श्री विनय गुप्ता, श्री विवेक गुप्ता एवं श्री नवीन गुप्ता अहम भूमिका निभा रहे हैं। श्री धनप्रकाश गुप्ता ने कहा कि फैशन के इस दौर में इनोवेशन एवं क्रिएशन की मांग है। कपड़े में फैंसी वैरायटी की मांग बढ़ी है। ग्राहको को भी हर माह कुछ नया चाहिए होता है। क्वालिटी के साथ-साथ फैशनेबल एवं स्टाइलिश कपड़े की भी मांग बढ़ी है, ऐसे में हम अपने संस्थान पर शुरू से ही ब्राण्डेड सेक्टर की मिलों का ही काम कर रहे हैं। ग्राहको को सदैव अच्छी क्वालिटी का कपड़ा प्रतिस्पर्द्धी दरों में उपलब्ध कराने के उद्देश्य के साथ संस्थान सफलतापूर्वक कार्य कर रहा है। कपड़ा व्यवसाय में 45 वर्षों के सफल व्यावसायिक सफर में हमने क्वालिटी का दामन थामें रखा। ग्राहकों के प्रति समर्पित भाव से काम करते हुए बेहतरीन कपड़ा उपलब्ध कराने के लक्ष्य पर अडिग बने रहे।

## कम्पलीट लेडीज ड्रेस मटीरियल हाउस

'नारायण ट्रेडिंग कंपनी' पर देश के मशहूर लेडीज ड्रेस मटीरियल निर्माताओं का काम बड़े पैमाने पर किया जा रहा है। श्री नारायण गुप्ता के अनुसार संस्थान पर प्लेन डाइड फैब्रिक्स, प्रिन्टेड ड्रेस मटीरियल, 2×2 रूबिया, टेरी रूबिया, लाइक्रा फैब्रिक्स, अनस्टिच सूट्स, वेल्वेट फैब्रिक्स, बुटिक फैब्रिक्स, पोपलीन, अस्तर, फैंसी ब्लाउज फैब्रिक्स, टेरी वॉयल, टरकोसा, कुर्ता फैब्रिक्स, ब्लीच एण्ड डाइड फैब्रिक्स, लोन, लिजीबिजी, स्पन, हैण्डलूम फैब्रिक्स, 100 प्रतिशत कॉटन फैब्रिक्स, कैम्ब्रिक, चिकन लाइनिंग, जाम कॉटन आदि फैब्रिक्स वैरायटीज वाजिब रेट्स में उपलब्ध कराई जा रही है। उक्त सभी फैब्रिक्स वैरायटीज की टॉप मिलों की अधिकृत डीलरशिप 'नारायण ट्रेडिंग कंपनी' के पास है। मुख्य रूप से अंकुर टेक्सटाइल्स प्रा. लि. (अरविंद), दी रूबी मिल्स, मफतलाल, विमल मिल्स इण्डिया 44, रीवा, गंगा फैशन, मंगला टेक्सटाइल्स आदि बड़े निर्माताओं के फैब्रिक्स की आपूर्ति संस्थान द्वारा की जा रही है।


## फेयर डीलिंग एवं ट्रांसपेरेंट ट्रेड पर फोकस

श्री धनप्रकाश गुप्ता एवं श्री नारायण गुप्ता बाजार में फेयर डीलिंग एवं ट्रांसपरेट ट्रेड के लिए जाने जाते है। ट्रेड नेटवर्क में इनकी कार्यशैली सालों से प्रशंसनीय रही है। श्री नारायण गुप्ता ने चर्चा के दौरान बताया कि सलेक्टेड व्यापारियों के ट्रेड नेटवर्क में फैयर डीलिंग के साथ व्यापार हमारी शुरू से प्राथमिकता रही है। फैब्रिक की क्वालिटी अच्छी और फैशनेबल हो, रेट्स वाजिब एवं दुसरों के मुकाबले प्रतिस्पर्द्धी हो, इस पर हमारा शुरू से ही फोकस रहा है। हमने हमेशा अपनी व्यापारिक पोलिसीज का दृढ़ता से पालन करते हुए अपने ग्राहक व्यापारियों को क्वालिटी फैब्रिक आपूर्ति का मार्ग चुना है।











# फैंसी सूटिंग-शर्टिंग के थोक व्यवसाय में अग्रणी प्रतिष्ठान आनन्द सिन्थेटिक्स


श्री आनंद जालान


श्री देवव्रत जालान

दिल्ली/ विगत चार दशक से फैन्सी सूटिंग-शर्टिंग के होलसेल व्यवसाय में अग्रणी संस्थान 'आनन्द सिन्थेटिक्स' स्थानीय मण्डी में बेस्ट क्वालिटी का कपड़ा वाजिब दरों में आपूर्ति कर रहा है। मेन्स वीयर के लिए कई नामचीन फैब्रिक्स ब्राण्ड्स की उपलब्धता के लिए विख्यात इस संस्थान का दिल्ली ही नहीं अपितु आसपास की समस्त मण्डियों में सुदृढ़ सेल्स नेटवर्क स्थापित है। आनंद सिन्थेटिक्स के मालिक श्री आनंद जालान के अनुसार व्यापार में वृद्धि के लिए क्वालिटी, व्यवहार एवं सर्विस का अहम् स्थान हो गया है। अच्छे रिलेशन, वाजिब दरें एवं समय पर माल की पहुँच जरूरी हो गई है। कुछ इसी तरह की व्यापारिक पोलिसीज के साथ अपने ग्राहकों को अच्छी सर्विस देने के लिए हमारी पूरी टीम संगठित तरीके से काम कर रही है। आनन्द सिन्थेटिक्स के कामकाज में श्री जालान के सुपुत्र श्री देवव्रत जालान भी मुख्य भूमिका निभा रहे हैं। अपनी युवा सोच एवं बुद्धिमता से ये अपने संस्थान के कामकाज में विस्तार कर रहे हैं।

**प्रमुख ब्राण्ड्स** - आनंद सिन्थेटिक्स पर ऑनली विमल, मफतलाल, सियाराम, रमेश शर्टिंग, जयकरणी सूटिंग्स, संतोष सूटिंग्स आदि ब्राण्ड्स का काम किया जा रहा है। इनके अलावा संस्थान पर मुम्बई के प्रीमियम शर्टिंग्स ब्राण्ड्स का काम बड़े पैमाने पर होता है। बेस्ट क्वालिटी इन रीजनेबल प्राइस के मूल मंत्र पर कार्यरत यह संस्थान अपनी इसी विशेष कार्यशैली के लिए प्रसिद्ध है।

**बाजार में अच्छे कपड़े की मांग**- युवा कपड़ा व्यवसायी श्री देवव्रत जालान ने कहा कि इस साल अगस्त-सितम्बर से ही काम अच्छा चल रहा है। सूटिंग में टीआर एवं इटेलियन फैब्रिक्स की मांग रही, वहीं शर्टिंग में सोबर डिजाइनों का बोलबाला रहा। आगे विण्टर एवं वैवाहिक सीजन के चलते वूलन सूटिंग, कुर्ता पायजामा फैब्रिक्स एवं एथनिक फैब्रिक्स में अच्छी बिक्री है। बाजार में अच्छे कपड़े की मांग बढ़ी है जो ब्राण्ड बाजार में कुछ नया दे रहा है उसकी बाजार में नियमित मांग बनी हुई है।






# सूटिंग-शर्टिंग एवं एथनिक फैब्रिक्स के होलसेल व्यवसाय में सक्रिय सोनी शिवाय क्लॉथ हाउस







श्री कृष्णपाल सिंह

